तापमान
अधिकतम 36.6 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार 7 मार्च 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

16 हफ्तेभर के अंदर ट्विनसिटी का पारा 7...

17 रंग-गुलाल से सराबोर रही ट्विनसिटी, नगाड़ों की ...





## खबर संक्षेप

### युवक ने लगाई फांसी

**भिलाई।** युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि युवक का शिनाख्त राजीव नगर भिलाई निवासी सौरभ सोनकर है। मृतक होली के दिन परिजनों के साथ था और होली भी खेला था। सौरभ ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों और दोस्तों ने सौरभ की जानकारी मिली तो वे तुरंत फंदे से नीचे उतारकर निजी अस्पताल लेकर गए। लेकिन डॉक्टर ने जांच कर मृत घोषित कर दिया।शव को पीएम के लिए शास्त्री अस्पताल सुपेला लाया गया है। मौके पर सुपेला और वैशाली नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची थी। आत्महत्या का कारण अज्ञात है पुलिस जांच के बाद ही असली वजह सामने आ पाएगी। गौरतलब हो कि जिले में फांसी के मामले तेजी से बढ़ रहे है। अधिकांश फांसी के मामले में बेरोजगारी, प्रड़तना से परेशान होकर फांसी के फंदे पर कई युवक-युवतियां झूलने को मजबूर हो रहे हैं। इसे रोकने सामाजिक संस्थाएं सामने भी आई है। लेकिन आत्महत्या का मामला कम नहीं हो पा रहा है।

करोड़ों का अमृत जल मिशन योजना का हाल

# बजट में 130 करोड़ का फिल्टर प्लांट मंजूर नहीं,रिसाली निगम के तीन वार्ड में पूरे सालभर टैंकर से पानी सप्लाई, 12 वार्डों में लो प्रेशर की समस्या

**देवीलाल साहू ▶▶| भिलाई**

राज्य के बजट में रिसाली निगम का 30 एमएलडी फिल्टर प्लांट मंजूर नहीं हुआ। 130 करोड़ रुपए के इस फिल्टर प्लांट को मंजूरी नहीं मिलने से निगम की 99 हजार की आबादी इस बार भी पेयजल संकट से जूझेगी। 16800 नल कनेक्शन इस निगम ने दिए हैं। इसके पहले ही करोड़ों रुपए खर्च कर अमृत जल मिशन योजना लाई गई लेकिन यह फेल हो गई है। इस योजना का हाल यह है कि लेकिन रिसाली निगम के तीन वार्ड ऐसे हैं जहां पूरे सालभर टैंकर से पानी सप्लाई की जरूरत पड़ती है। दर्जनभर वार्डों में लो प्रेशर पानी मिलने की समस्या बनी रहती है। भीषण गर्मी में 33 वार्डों में पानी की जरूरत और बढ़ जाती है।



### महज 6 एमएलडी पानी मिलता है मोरिद जलाशय से

रिसाली निगम के 40 वार्ड हैं। इनमें से छह वार्डों के लिए मोरिद जलाशय से पानी आता है। मोरिद जलाशय की क्षमता 6 एमएलडी है। इस जलाशय से वार्ड 35 डुंडेरा पश्चिम, वार्ड 36 डुंडेरा पूर्व, वार्ड 37 जोरातराई, वार्ड 38 स्टोर पारा पुरैना, वार्ड 39 एनएसपीसीएल पुरैना और वार्ड 40 पुरैना बस्ती को पानी मिलता है।

### 12 वार्डों में लो प्रेशर की समस्या से बढ़ी परेशानी

रिसाली निगम के 12 वार्डों में लो प्रेशर की समस्या बनी रहती है। जिसकी वजह से लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। टंकी मरोदा, मौहारी मरोदा, विजय चौक स्टेशन मरोदा, शंकरपारा स्टेशन मरोदा, सूर्यानगर मरोदा, मैत्रीनगर रिसाली, प्रगतिनगर रिसाली, अवधपुरी रिसाली, शक्ति विहार, इस्पात नगर , लक्ष्मीनगर , आजाद मार्केट, आशीषनगर, और रिसाली बस्ती के वार्डों के लिए पानी लिया जाता है। यहां लो प्रेशर की समस्या से भी लोगों को जूझना पड़ रहा है।

### पानी का गुणा-भाग ऐसा समझें

रिसाली निगम की आबादी करीब 1.20 लाख की है। इनमें से करीब 21 हजार की आबादी टाउनशिप में बसती है। टाउनशिप में 7 वार्ड आते हैं। जिसमें रिसाली सेक्टर, रूआबांधा सेक्टर और मरोदा सेक्टर शामिल है। शेष 33 वार्डों की करीब 99 लाख की आबादी को पेयजल देने की मुख्य जिम्मेदारी रिसाली निगम की है। जिसमें 6 एमएलडी फिल्टर प्लांट मोरिद से छह वार्डों के लिए पानी आता है। इन वार्डों में पुरैना बस्ती वार्ड 40, एनएसपीसीएल पुरैना वार्ड 39, स्टोर पारा पुरैना वार्ड 38, जोरातराई वार्ड 37, डुंडेरा पूर्व वार्ड 36, डुंडेरा पश्चिम वार्ड 35 शामिल हैं।

### 15.60 एमएलडी पानी भिलाई निगम से खरीद रहे, यह पर्याप्त नहीं

रिसाली निगम के शेष 27 वार्डों के लिए भिलाई निगम के फिल्टर प्लांट से पानी खरीदना पड़ रहा है। भिलाई निगम के फिल्टर प्लांट से 15.60 एमएलडी पानी रिसाली निगम ले रहा है। रिसाली निगम का रिक्वायरमेंट 22 एमएलडी पानी की है। इसलिए कि रिसाली निगम का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। दिनोंदिन नई कालोनियां विकसित होती जा रही है। भविष्य में उमरपोटी और धनोरा ग्राम पंचायत को भी रिसाली निगम में समाहित करने का प्रस्ताव राज्य शासन को जा चुका है। इस हिसाब से रिसाली निगम ने नया फिल्टर प्लांट 30 एमएलडी के लिए कार्ययोजना बनाकर प्रस्ताव राज्य को भेजा है।

### तीन वार्ड ऐसे जहां सालभर टैंकर से ही पानी सप्लाई

रिसाली निगम के तीन वार्ड ऐसे हैं जहां पानी की टैंकर से सप्लाई पूरे सालभर होती है। वार्ड 16बीआरपी कालोनी,17 शिवपारा स्टेशन मरोदा और 18 एचएससीएल कालोनी में यह समस्या बनी हुई है। करोड़ों रुपए से यहां अमृतजल मिशन के तहत पाईप लाइन बिछाई गई लेकिन इन वार्डों के अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंचता। रहवासी दुलसिया बाई, रामचंद्र, गायत्री साहू, बुधवंतीन देवांगन, निशा वर्मा, जयप्रकाश, आनंदी कुर्रे आदि ने बताया कि पाइप लाइन तो बिछाई गई है लेकिन नलों से पानी ही नहीं आता। पूरे सालभर हमें टैंकर से पानी दिया जा रहा है। इन वार्डों में नेवई का जलागार से पानी सप्लाई होती है। पटरीपार तक के पूरे एरिया में यही हाल है।

### पांच एकड़ जमीन टेक्निकल यूनिवर्सिटी ने दी

रिसाली निगम के नए फिल्टर प्लांट स्थापित करने के लिए स्वामी विवेकानंद टैक्नीकल यूनिवर्सिटी ने 5 एकड़ की जमीन भी दे दी है। राज्य के बजट में मंजूरी मिलती तो इस स्थान पर 30 एमएलडी फिल्टर प्लांट का निर्माण होना था। बजट में मंजूरी नहीं मिलने से रिसाली निगम के रहवासियों आगामी साल के बजट का इंतजार करना पड़ेगा। गर्मी भी अब तेज हो गई है। ऐसे में पानी की खपत भी बढ़ गई है। मौजूदास्थिति में भिलाई निगम पर रिसाली निगम की आत्मनिर्भरता और बढ़ जाएगी।

### हमारी तैयारी पूरी



राज्य सरकार को हमने 130 करोड़ से 30 एमएलडी फिल्टर प्लांट निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। रिसाली निगम में जहां भी पेयजल की समस्या आती है वहां हर साल हम पूरी तैयारी करते हैं। पेयजल की कमी होने नहीं दी जाएगी।

**-मोनिका वर्मा,**
निगम आयुक्त रिसाली निगम



## खबर संक्षेप

### सरपंच की सहायता को मिली सराहना

**सेलूद।** पाटन विकासखंड के ग्राम पंचायत देवादा की सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में विकास कार्यों के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को भी प्राथमिकता देते हुए गांव के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को हर सुख-दुख में सहयोग प्रदान किया।



जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल.सरपंच श्रीमती वर्मा ने बीते एक वर्ष में 10 परिवारों को दशगात्र के अवसर पर सहायता राशि एवं चावल उपलब्ध कराया। इसके अलावा गांव के 17 परिवारों के बेटे-बेटियों की शादी में तथा 2 परिवारों के जन्मोत्सव में आर्थिक सहायता देकर सामाजिक जिम्मेदारी निभाई। गांव में आयोजित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी उन्होंने सहयोग राशि प्रदान कर सामुदायिक एकजुटता को मजबूत किया। अपने कार्यकाल में सरपंच द्वारा गांव में कई आधारभूत विकास कार्य भी कराए गए, जिनमें प्रमुख रूप से बंधवा पारा में सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 2 में नाली निर्माण सामुदायिक भवन निर्माण, मंगलू देवता स्थल पर पेवर ब्लॉक एवं चबूतरा निर्माण,श्मशान घाट में शेड एवं प्रतीक्षालय निर्माण कार्य,इन कार्यों से गांव की आधारभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और ग्रामीणों को सीधे लाभ मिल रहा है।

### वैष्णव को मिला मात्रिभाषा रत्न सम्मान

**सेलूद।** कोंडागांव से शिक्षिका समाजसेवी एवं कवयित्री दीपमाला वैष्णव को नेपाल में प्रतिष्ठित मात्रिभाषा रत्न अंतरराष्ट्रीय मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया है।



यह गरिमामयी सम्मान नेपाल की सुप्रसिद्ध साहित्यकार संस्था शब्द प्रतिभा बहु क्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान समारोह के दौरान संस्था के अध्यक्ष आनंद गिरि मायालु ने हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि दीपमाला वैष्णव जैसी लोकप्रिय शिक्षिका एवं संवेदनशील कवियित्री का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होना अत्यंत गौरव का विषय है। उनकी रचनाएं समाज को सकारात्मक दिशा और प्रेरक संदेश प्रदान करती है। वे पंडित चेला दास वैष्णव भागवताचार्य की लड़की है। इस उपलब्धि पर उनके शुभचिंतकों मित्रों एवं उत्तर पाटन वैष्णव मंडल के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## निधन

### दाऊ राधेश्याम देशमुख

**जामुल।** ग्राम जेवरा निवासी सेवा निवृत्त प्रधान पाठक दाऊ राधेश्याम देशमुख (81) का लम्बी अस्वस्थता के चलते आकस्मिक निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार 2 मार्च सोमवार को किया गया। वे अपने पीछे भरपूरा परिवार छोड़ गए। वे शांति देवी देशमुख के पति और नीलम देशमुख के पिता थे।

### चार्ली मसीह

**दुर्ग।** बोरसी कॉलोनी दुर्ग निवासी सागर टेंट हाउस के संचालक चार्ली मसीह का 6 मार्च को निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार 7 मार्च को दोपहर 1 बजे नेहरू नगर कब्रिस्तान में किया जाएगा। वे झरना मसीह के पति, सागर व साहिल मसीह के पिता, सैमसन मसीह के भाई थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### पुष्पारानी मल्होत्रा

**भिलाई।** 239 सुभाष मार्केट जोन-2 खुर्सीपार निवासी पुष्पारानी मल्होत्रा का निधन 1 मार्च को हो गया।



उनका अंतिम संस्कार 2 मार्च को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई के महामंत्री राकेश मल्होत्रा, अनिल मल्होत्रा, रविंद्र मल्होत्रा, विनोद मल्होत्रा की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# विकास की सौगात देने के साथ सांसद बघेल ने खेली फूलों की होली

## कुम्हारी में 4 करोड़ 80 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

बाजार चौक स्थित मानस भवन में कुम्हारी नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत होने वाले 472.80 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने की। भूमिपूजन में दुर्ग जिला अध्यक्ष भाजपा सुरेन्द्र कौशिक, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष तृप्ति चन्द्राकर भी शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नगर के पुरोहित ने किया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा पार्टी की वर्तमान सरकार हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक वार्डों में विकास



कार्य किये जायेंगे। केंद्र व राज्य सरकार के बजट में समावेशी विकास पर जोर दिया गया है जिसका लाभ हर वर्ग को मिलेगा। उन्होंने विपक्षियों पर तंज कसते हुए कहा कि जब विकास की बात आती है तो वे अनुपस्थित रहते हैं ऐसा नही होना चाहिए। जिला अध्यक्ष भाजपा सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि नगर में 4 करोड़ 72 लाख की लागत से मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य किये जायेंगे भाजपा सरकार अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्तियों के विकास के लिए हर समय प्रयासरत है। पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने कहा कि नगर के हर एक व्यक्ति और हर वार्डों में इस सुशासन सरकार की योजना को पहुंचाया जाएगा। अंत मे सांसद एवं पालिकाध्यक्ष ने सभी के साथ फूलों की होली खेली। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर, इंजीनियर अतुल सिंह, पार्षद अश्वनी देशलहरे, लोकेश साहू, डिकेश पटेल, उमाकांत साहू, हरिदास वैष्णव, ओंकार प्रसाद मारकंडे, आर प्रवीण राव, रामकुमार सोनी, उमेश्वरी साहू, हेमलता धीवर, ममता साहू, लता साहू, ऋतिका यादव, भाजपा नेता राकेश पाण्डेय, राजू निषाद, मिथलेश यादव, अशोक दीवान, तेखन सिन्हा, मुकेश दल्लीवार, रामकुमार सोनी, गोल्डी गोस्वामी, दीपक चतुर्वेदी, फिंगेश्वर साहू, पी.एन दुबे, रामाधार शर्मा, अवधेश शुक्ला, अनुज शुक्ला, राजकुमार सिंह, नारायण सोनकर, सुजीत यादव, सुमीत द्विवेदी, रीता पाण्डेय, सुनीता कुर्रे, रागिनी निषाद, योगिता वर्मा एवं कैलाश यादव सहित बड़ी संख्या में नगरवासी पालिका कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## होली के पर्व पर दिखा अनूठा नजारा, बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद

# संयुक्त परिवार में रही होली की धूम रंगों से सराबोर हुआ भरापूरा कुनबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

विगत वर्षों की भांति चौरडिया परिवार ने इस वर्ष बटरेल में जंबो होली रंगोली सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें परिवार के चार पीढ़ियों की 80 सदस्यों ने गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराए। इस सम्मेलन में परिवार की बेटी जंवाई खासम खास तौर पर मौजूद रहे। चौरडिया परिवार जामगांव आर, बटरेल, सुरपा और ओदरागहन में आपसी सामंजस बनाकर होली और दीपावली में संयुक्त रूप से परिवार के सभी सदस्य आपस में आदर सम्मान स्नेह की गंगा बहाते है।

विविध मनोरंजन, गुण चौरडिया के कविता पाठ के साथ सामूहिक भोज का आनंद परिवार ने लिया।छै से 8 दशक पार पूर्व जनपद सदस्य हस्तीमल चौरडिया,समाजसेवी पूनमचंद समाजसेवी गोदावरी बाई, भखारा राल जैन समाज पूर्व अध्यक्ष गौतमचंद चौरडिया, सरपंच कुसुम बाई चौरडिया परिवार को संस्कारित दिशा देने में महती भूमिका निभा रहे है। परिवार में जामगांव आर भाजपा मंडल पूर्व महामंत्री प्रमोद चौरडिया एवं पूर्व सरपंच जिनेश चौरडिया जैसे युवाओं का सक्रिय भागीदारी है। सम्मेलन में गुण्डरदेही भिलाई में निवास रत परिवार के सदस्य भी शामिल हुए।मां की गोद में भी बच्चे शामिल हुए सम्मेलन में और अबोध उम्र में देखे संयुक्त परिवार का नजारा। पूरे परिवार ने खेले जमकर रंग की होली।

भखारा राल जैन समाज पूर्व अध्यक्ष गौतमचंद चौरडिया ने कहा कि परिवार के चार पीढ़ी के सदस्य जब एक साथ एक छत के नीचे मिलते है तो बड़ा गर्व महसूस होता है। शाला विकास समिति सुरपा अध्यक्ष प्रमोद चौरडिया ने कहा कि नश्वर संसार में परिवार का कुशल संचालन कला संयुक्त परिवार में ही सीखा जा सकता है। सम्मेलन में उपस्थित चौरडिया परिवार के 70 पार सीनियर सिटीजन जवाई झुम्मरलाल छाजेड़ और बेटी चंदा देवी छाजेड़ ने कहा कि संयुक्त परिवार सम्मेलन अहम भूमिका निभाते है उन्होंने कहा कि धन का इधर उधर अपव्यव्य करने के बजाय बच्चों को सही दिशा और संस्कार देने में इस तरह का आयोजन निश्चित मील का पत्थर साबित होगा।

### एक छत के नीचे जमा हुए परिजन



### होलिका दहन में की सुख-समृद्धि की कामना

**जामगांव आर/पाटन।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित त्रिदेव मंदिर प्रांगण में सभी सम्मानित लोगों की उपस्थिति में सामूहिक रूप से होलिका दहन कार्यक्रम बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर कॉलोनीवासियों ने एकत्रित होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली, जिससे वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना रहा। जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। होलिका दहन हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है और समाज में प्रेम व भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। सामूहिक होलिका दहन ने पूरे क्षेत्र में एकता और सौहार्द का संदेश दिया।



### बुराई पर अच्छाई की जीत धू-धू कर जली होलिका

**सेलूद।** बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होलिका का दहन किया गया। सेलूद सहित आसपास के सभी गावो में जगह जगह होलिका जलाई गई। सुबह से महिलाओं बच्चों सहित सभी ने पूजा-अर्चना की और लोगों ने शाम को होलिका में जौ की बालियां चटकाईं। महिलाएं हाथ में पूजा की थाली और पूजन सामग्री लेकर होली पर पहुंची और श्रद्धा से पूजन किया। साथ ही घरों में पकवान बनाए और देवी-देवताओं की पूजा हुई। देर शाम भक्त प्रह्लाद की जयकारे के साथ होलिका दहन हुआ। होलिका दहन के दौरान मौजूद लोगों ने जौ की बालियां भूनीं और एक-दूसरे को देकर होली की बधाई देते हुए गले मिले। कुछ गांवों में रात्रि में होलिका दहन हुआ।



### जरवाय में होली मिलन समारोह आयोजित



**पाटन।** ग्राम जरवाय(भंसूली)में आयोजक समिति एवं ग्रामवासी के तत्वाधान में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जिला पंचायत दुर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक साहू,यशवंत साहू सरपंच,रविशंकर पाटिल उपसरपंच,शिवकुमार साहू पूर्व सरपंच,सोहन जोशी मंडल अध्यक्ष,सोमनाथ साहू पूर्व उपसरपंच शामिल हुए।अतिथियों ने सर्व प्रथम श्री राधाकृष्ण की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों को होली महापर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। जिप दुर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक साहू ने होली महापर्व में अपनी किसी एक बुराई को दहन करते हुए शांति सौहार्द के साथ सहभागिता निभानी चाहिए। इस दौरान शिवचरण चतुर्वेदी, जगन्नाथ ठाकुर,शंकर यादव,कमल सेन,कौशल धनकर,रविशंकर यादव, जोहन यादव,परमानंद सेन,मनोज ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### घसिया का बलिदान राष्ट्रभक्ति की अमर मिसाल



**सेलूद।** ग्राम बंटंग में महान स्वतंत्रता सेनानी एवं अमर शहीद घसिया मंडल के शहादत दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक ने शहीद घसिया मंडल के अद्वितीय बलिदान को नमन किया और उनके योगदान को देशभक्ति की अमिट प्रेरणा बताया। कार्यक्रम के दौरान शहीद घसिया मंडल के प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। अंत में श्रीमती कीर्ति नायक ने आयोजन समिति शहीद घसिया मंडल स्मृति क्लब बंटंग एवं समस्त ग्रामवासियों को इस गरिमामय आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि शहीदों की स्मृति को जीवंत रखना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

### होली मिलन पर हुई गोष्ठी, बिखेरी फागुनी छटा



**कुम्हारी।** ऋतंभरा साहित्य समिति कुम्हारी के तत्वावधान में होली मिलन पर महामाया मंदिर ट्रस्ट कार्यालय में गोष्ठी सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि हेमलाल साहू 'निर्मोही' ने होली पर नायिका के विरह का वर्णन छत्तीसगढ़ी गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। संस्था के अध्यक्ष नारायण वर्मा ने समिति के आगामी वार्षिक कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। उन्होंने उपस्थित कवियों को होली पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने श्रृंगारिक कविता में षोडशी नायिका के सौन्दर्य का पारंपरिक बखान अपने गीत में किया। विशेष अतिथि उभयराम साहू 'बहती दरिया' ने अपनी किताब 'त्रिवेणी संगम' से फागुनी कविता का पाठ किया। बिसरू राम कुर्रे ने व्यंग्य कविता पढ़ी। जगन्नाथ निषाद ने 'चौंरा' को लेकर वर्तमान विद्रूपताओं पर कविता में व्यंग्यात्मक प्रहार किया। रामाधार शर्मा और रविंद्र कुमार थापा ने हिंदी कविता के माध्यम से समाज की दशा का चित्रण किया। गोष्ठी का संचालन नरेश विश्वकर्मा तथा आभार प्रदर्शन विक्रमशाह ठाकुर ने किया। इस अवसर पर गणमान्य श्रोतागण उपस्थित रहे।

### सेलूद में शोक संतप्त परिवार से मिले भूपेश

**सेलूद।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बावाकुटी सेलूद निवासी नीराबाई वैष्णव के निधन पर शोक व्यक्त किया। वे शोकाकुल परिवार से मिलने उनके निवास पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। श्री बघेल ने दिवंगत नीराबाई वैष्णव की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिवारजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर तुसलीदास वैष्णव, जगमोहन दास, हेमंत दास, रोमन दास वैष्णव, होमन दास सहित परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



# सचिव सरपंच की मनमानी चरम सीमा पर शासकीय भूमि पर बनवाया जा रहा है आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्राम पंचायत बोरी के सचिव और सरपंच पर पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगा है। इसे लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने जनदर्शन में शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि अवैध मुरुम खनन किया जा रहा है। खनिज विभाग के अधिकारियों को भी जानकारी दी गई थी, लेकिन उनके द्वारा कार्रवाई नहीं की गई। इस मामले में कुछ लोगों को टारगेट कर अतिक्रमण नोटिस भेजा गया है, जबकि सैकड़ों लोगों ने अतिक्रमण किया है। केवल 17 लोगों के लिए प्रस्ताव कर नोटिस दिया गया है। बिना नजरी नक्शा के शासकीय भूमि में मनमानी पूर्वक आवास बनवाया जा रहा है। पंचायत के सचिव और सरपंच ग्रामीणों की शिकायतों को नजरअंदाज कर रहे हैं। इस मामले को लेकर कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत की गई है।



## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार व डिस्काउंट

**दुर्ग।** इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64बी, प्रिया सिंगार सदन के सामने स्थित ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट और विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। यहां एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनों की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच व इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी जी ने बताया कि अपार भीड़ होने की वजह से ग्राहकों को विस्तार से डिजाइन दिखने में असुविधा होती है। ग्राहकों को भीड़ भाड़ से बचने के लिए अपने मनपसंद जेवर घर ले जाएं। उन्होंने बताया कि शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100 फीसदी विश्वनीयता पर खरा रहती है। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है। सोने की अंगूठी झुमका ऐयरिंग डबल कुंडा फैंसी लॉकेट मंगलसूत्र टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध हैं एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। सभी प्रकार के चेक, ऑल एटीएम और क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा है।




### ।। आम सूचना ।।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा शाहीन जहाँ कुरैशी पति शमीम अहमद, निवासी-मोगरा-239, तालपुरी, भिलाई ने प्रदीप कुमार सरकार आ. एस.एन. सरकार निवासी शिक्षित नगर, चरौदा की करारशुदा भूमि जो बलबीर सिंह पड्डा आ. सौदागर सिंह निवासी न्यू खुर्सीपार भिलाई के हक व स्वत्व की भूमि मौजा-सोमनी, प.ह.नं.-06, रा.नि.मं. व तहसील-भिलाई-3, जिला-दुर्ग (छ.ग.) स्थित खसरा नं-497/4 का टुकड़ा रकबा 10,500 वर्गफीट प्लाट भूमि को क्रय करने का सौदा गवाहों के समक्ष कर प्रतिफल राशि प्रदान कर दिया है, जिसमें बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित भूमि के स्वत्व अंतरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्थान, निकाय, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्थान को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज में मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय-विलेख का निष्पादित अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। तत्पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति शून्य एवं अवैध होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। सो सूचना जाने।

स्थान : दुर्ग
दिनांक : 06.03.2026

भवदीय
ए. आर. कुरैशी
अधिवक्ता
Bar Room No. 07
Distt. Court Durg
Mob.: 09827904840

## बिजनेस साइट

### फ्लेक्सीकैप इन्वेस्टिंग- सभी पोर्टफोलियो के लिए पूरी तरह से सही

**भिलाई।** जब प्राजक्ता ने इन्वेस्टिंग सलाह के लिए अपनी बड़ी बहन नम्रता से बात की, जो एक जाने-माने ग्लोबल बैंक में इन्वेस्टमेंट मैनेजर हैं, तो उन्होंने बताया कि इन्वेस्टिंग की तुलना अलग-अलग मौसम के हालात के लिए तैयारी करने से की जा सकती है। कुछ दिन धूप वाले और शांत होते हैं, जबकि दूसरे दिन अचानक तूफान आते हैं। अगर आपके पास सिर्फ गर्मियों के कपड़े हैं, तो आपको सर्दियों में मुश्किल होगी। इसी तरह, अगर आपके निवेश सिर्फ एक मार्केट सेगमेंट, जैसे लार्ज-कैप या स्मॉल-कैप स्टॉक्स के आस-पास बने हैं, तो मार्केट साइकिल बदलने पर आप खुद को असहज महसूस कर सकते हैं।

यहीं पर फ्लेक्सीकैप इन्वेस्टिंग दिलचस्प हो जाती है। फ्लेक्सीकैप सोच निवेशकों को एक ही कैटेगरी में बंद होने के बजाय, लार्ज, मिड और स्मॉल कंपनियों में हिस्सा लेने की इजाजत देता है। आसान शब्दों में, यह वैल्यू और मौके के हिसाब से एक्सपोजर बदलने की आजादी देता है।

लार्ज कंपनियां अक्सर स्थिरता लाती हैं। वे आम तौर पर जमी हुई होती हैं, उनकी बैलेंस शीट मजबूत होती है, और वे मुश्किल समय को बेहतर तरीके से संभाल सकती हैं। मिड-साइज फर्म ग्रोथ और लचीलेपन का बैलेंस दे सकती हैं। स्मॉल कंपनियां, ज्यादा उतार-चढ़ाव होने के बावजूद, कभी-कभी इकॉनमी के बढ़ने पर मजबूत ग्रोथ दे सकती हैं।

फ्लेक्सीकैप इन्वेस्टिंग का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह आपको एक ही रास्ता चुनने के लिए मजबूर नहीं करता। यह एक फ्लेक्सिबल टिकट के साथ यात्रा करने जैसा है, जिसमें अगर आगे सड़क बंद हो या भीड़ हो तो आप अपना रास्ता बदल सकते हैं। रोजाना इन्वेस्ट करने वाले इन्वेस्टर्स के लिए, यह मार्केट को लगातार "टाइम" करने की जरूरत को भी कम कर सकता है। यह चिंता करने के बजाय कि लार्ज-कैप या स्मॉल-कैप में इन्वेस्ट करने का सही समय है, फ्लेक्सीकैप अप्रोच ज्यादा मिला-जुला एक्सपोजर देता है।



अमन यदु
प्रोपराइटर, स्वर्ण कलश, भिलाई

फ्लेक्सिबिलिटी रिटर्न की गारंटी नहीं देती है और मार्केट अनिश्चितता से भरे रहते हैं। हालांकि, जो निवेशक लंबे समय में पैसा बनाना चाहते हैं, उनके लिए फ्लेक्सीकैप इन्वेस्टिंग एक प्रैक्टिकल तरीका हो सकता है जिससे वे अपनी सारी उम्मीदें एक ही सेगमेंट में लगाए बिना मार्केट साइकिल में निवेशित रह सकते हैं। फ्लेक्सीकैप इन्वेस्टिंग का सबसे अच्छा तरीका म्यूचुअल फंड के जरिए है, जहाँ प्रोफेशनल मैनेजर मार्केट कैप में एलोकेशन को प्रभावशाली रूप से एडजस्ट करते हैं, जिससे डाइवर्सिफिकेशन और डिसिप्लिन्ड मैनेजमेंट मिलता है।

इस बैकग्राउंड में, निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फ्लेक्सीकैप फंड के बारे में सोच सकते हैं। मार्केट कैप में स्कीम का प्रभावशाली एलोकेशन अप्रोच इसे अलग-अलग मार्केट कंडीशन में चलने लायक बनाता है। 31 जनवरी, 2026 तक, इसने एक साल में 9.91 प्रतिशत, तीन साल में 18.93 प्रतिशत और शुरुआत (जुलाई 2021) से 15.19 प्रतिशत का सीएजीआर दिया है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार 7 मार्च 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]







## खबर संक्षेप

### निगम का भृत्य निलंबित




**भिलाई।** भिलाई निगम जोन क्रमांक 3 के भृत्य मलकीत सिंह को निलंबित कर दिया गया है। मलकीत बिना किसी पूर्व अनुमति/सूचना के लगातार अवकाश ले रहे थे। उसने नशे में धुत होकर अपने सहकर्मी के साथ मारपीट एवं गाली-गलौच भी की थी। जिसकी विभाग द्वारा सूचना थाने में भी की गई । उसके इस कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के (1) (2) (3) के विरूद्ध का आचरण माना गया है। निलंबन अवधि में मुख्यालय जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर रहेगा। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### युवक का मिला शव

**भिलाई।** युवक की लाश फ्लाओई ओवर ब्रिज मुर्गा चौक के पास मिवने सनसनी फैल गई। सड़क से गुजने वाले लोगों ने पुलिस को शव मिलने की सूचना दी। मिली जानकारी के मुताबिक युवक की 20 से 22 वर्ष की होगी। उसके पास किसी भी प्रकार का पहचान पत्र तलाशी में नहीं मिला है। मौके पर एफएसएनएल की टीम भी पहुंची थी, साक्ष्य जुटाए जा रहे है। आशंका व्यक्त किया जा रहा है कि युवक की मौत फ्लाइओवर से गिरने से हुई होगी। मौत का कारण पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद स्पष्ट हो पाएगा। प्रथम दृष्टया फ्लाइओवर से गिरने का प्रतीत हो रहा है। मौत का असली कारण पीएम के बाद मिलने पर ही पता चल पाएगा। घटना भठ्ठी थाना क्षेत्र का है।

### युवक ने लगाई फांसी

**भिलाई।** युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि युवक का शिनाख्त राजीव नगर भिलाई निवासी सौरभ सोनकर है। मृतक होली के दिन परिजनों के साथ था और होली भी खेला था। सौरभ ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों और दोस्तों ने सौरभ की जानकारी मिली तो वे तुरंत फंदे से नीचे उतारकर निजी अस्पताल लेकर गए। लेकिन डॉक्टर ने जांच कर मृत घोषित कर दिया।शव को पीएम के लिए शास्त्री अस्पताल सुपेला लाया गया है। मौके पर सुपेला और वैशाली नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची थी। आत्महत्या का कारण अज्ञात है पुलिस जांच के बाद ही असली वजह सामने आ पाएगी।

### होली पर हुड़दंगियों पर पुलिस की रही नजर, इसके बाद मारपीट के 52 से ज्यादा अपराध दर्ज

# छावनी थाने में पदस्थ महिला आरक्षक के बाल पकड़कर खींचा, हाथ-मुक्कों से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




होली पर्व के दिन जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में विवाद और मारपीट की वारदात के चार दर्जन से भी अधिक मामले दर्ज किए गए है। जिसमें गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी प्रमुख है। सबसे अधिक विवाद होली खेलने के कारण व रंजिश के लेकर विवाद होना सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक छावनी थाने में पदस्थ महिला आरक्षक एलिशा की ड्यूटी 3 मार्च को दोपहर 2 बजे से रात 9 बजे तक वायरलेस सेट में लगी थी। इसी दौरान रेखा जोशी मेमन अपने पति नूर मेमन के साथ थाने पहुंची और अपने खिलाफ जारी वारंट के बारे में पूछताछ करने लगी। आरक्षक ने बताया कि 4 मार्च के लिए उसके नाम से जमानती वारंट जारी है। इसी बात को लेकर महिला आक्रोशित महिला हो गई और थाने के पुलिसकर्मियों के खिलाफ अपशब्द कहने लगी। महिला ने आरक्षक के बाल पकड़ लिए और हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दी। आरोप है कि इस दौरान उसने महिला आरक्षक की वर्दी तक खींचकर फाड़ दी उसे जान से मारने की धमकी दी। महिला आरक्षक की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरी घटना जामुल थाना क्षेत्र की है जहां बलौदाबाजार न्यायालय के स्टेनोग्राफर की भीड़-भाड़ में हॉर्न बजाने के बहाने आरोपियों ने पिटाई की और वाहन को नुकसान पहुंचाया। पीड़ित प्रशांत कुमार टंडन ने पुलिस को बताया कि बलौदाबाजार जिला न्यायालय में स्टेनोग्राफर के पद पर पदस्थ है। 4 मार्च की शाम कार से परिवार के साथ भाई रोशन कुमार टंडन के ससुराल ग्राम मुडपार जा रहे थे। शाम करीब साढ़े सात बजे जब वह मुडपार के प्राइमरी स्कूल चौक के पास पहुंचे तो सड़क पर भीड़ लगी हुई थी। रास्ता साफ कराने के लिए उन्होंने कार का हॉर्न बजाया। तभी सड़क पर खड़े नरेश, निखिल कार के पास आ गए और हॉर्न बजाने की बात पर गाली-गलौज करने लगे। जिले के 20 थाने में मारपीट, जान से मारने की धमकी को लेकर 52 अपराध दर्ज किए गए है।

#### होली के दौरान मारपीट की घटनाओं को लेकर अब भी थानों में जमघट

होली के दिन हुई मारपीट के बाद से विवाद की स्थिति बनी हुई है। कई थानों में जमघट लगा हुआ है। दोनों पक्ष थाने में जमे हुए हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक होली के दिन पद्मनाभपुर में 4, जामगांव आर में 1, उतई में 2, अमलेश्वर में 1, वैशाली नगर में 2, सुपेला में 3, जामुल में 5, छावनी में 1, अंडा में 1, खुर्सीपार में 2, पुरानी भिलाई में 4, भिलाई भट्ठी में 1, भिलाई नगर में 4, बोरी में 1, धमधा में 1 दुर्ग कोतवाली में 2, कुम्हारी में 1, नेवई में 4, पाटन में 7, पुलगांव में 4 मारपीट के अपराध दर्ज किए गए।

#### जिले के थानों में दर्ज कुछ आपराधिक घटनाएं, जानिए

**केस 1:** थाना अंडा में मापपीट पुरुषोत्तम साहू ने आरोप लगाया कि रंजिश को लेकर बबला निर्मलकर, डिलेश्वर साहू उर्फ गब्बर, भद्री ठाकुर, मनीष ठाकुर ने रास्ते में रोककर मारपीट किया। बीच बचाव करने आए भाई और पत्नी से भी मारपीट की गई।

**केस 2:** थाना खुर्सीपार में आकाश तिवारी ने शिकायत की है कि होली खेलते समय दिलीप प्रसाद. प्रदीप प्रसाद ने गाली-गलौज कर पत्थर से मारपीट की। अन्य मामले में सूरज पर 16 वर्षीय को मारने और धमकी देने का आरोप लगाया है।

**केस 3:** पुरानी भिलाई में चार अलग-अलग मारपीट के मामले दर्ज हुए। संध्या सोनी, वेंकट राव, रूखमणी नवरत्न, आशीर्वाद मानवेल ने अलग-अलग लोगों पर गाली-गलौज और मारपीट की शिकायत की।

**केस 4:** भिलाई भट्ठी में राज साहू ने आरोप लगाया कि होली में डीजे बॉक्स बजाने को लेकर सोनू बैरागी,चंदन ने लकड़ी मुक्कों से मारपीट की।

**केस 5:** भिलाई नगर सेक्टर-10 में विवाद के दौरान बाबी सुब्बा ने बीच बचाव करने वाले युवक पर चापड़ से हमला कर दिया। तीन अन्य मारपीट के मामले भी यहां दर्ज किए गए है ।

**केस 6:** बोरी में कान्हा पटेल ने आरोप लगाया कि विवाद न करने के लिए समझाने पर पुरुषोत्तम निषाद, अजीत निषाद ने पत्थर और कड़े से हमला कर दिया।

### अचानक तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ा

# तापमान 36 डिग्री के पार, आगे और दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



होली पर्व के आगमन के साथ ही अचानक मौसम ने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। अधिकतम तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है। जिसकी वजह से तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है। शुक्रवार को ट्विनसिटी का अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से 2.9 डिग्री सेल्सियय अधिक रहा है। इसके पहले बुधवार को पारा 38 डिग्री सेल्सियस तक चला गया था। न्यूनतम तापमान भी 16.8 डिग्री सेल्सियस तक आ गया है।

#### आने वाले चार दिनों में और बढ़ेगा तापमान

मौसम विभाग के मुताबिक भिलाई दुर्ग सहित प्रदेश में अधिकतम तापमान में अगले 4 दिनों में 2 से 3 डिग्री तक वृद्धि होने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि संभावित है किंतु विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इस हिसाब से आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ती चली जाएगी। हालांकि अधिकतम तापमान बढ़ने के बाद भी अलसुबह और शाम को हल्की हल्की ठंड का एहसास होता है। जिसकी वजह से इस दोनों समय पर पारा नीचे चला जाता है। सुबह 10 बजे के बाद गर्मी अचानक तेज हो जाती है और अब यह लोगों को चुभने लगी है।

#### बदलते मौसम में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

स्वास्थ्य विभाग ने भी अभी से लोगों को सेहत के प्रति जागरूक करना शुरू कर दिया है। जलवायु परिवर्तन एवं वैश्विक तापमान में औसत रूप से वृद्धि के कारण अप्रैल से जून माह के दौरान भीषण गर्मी पड़ने एवं हीटवेव (लू) चलने इत्यादि की बढ़ती हुई प्रवृत्ति प्रतिवर्ष देखी जाती है। इस वर्ष भी माह मार्च की तापमान बढ़ने एवं भीषण गर्मी पड़ने की संभावना हो सकती है, जिसके कारण जन स्वास्थ्य प्रभावित होने की संभावना बनी है। लू व तापघात से सभी वर्ग के व्यक्ति प्रभावित होते हैं, जिसे देखते हु जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू अलर्ट जारी है।

### दुर्ग के अनुभव का यूपीएससी में 188वां रैंक, आईपीएस बनना तय



**दुर्ग।** सिकोलाबस्ती दुर्ग निवासी अनुभव अग्रवाल का यूपीएससी में सलेक्शन हुआ है। उन्हें 188वीं रैंक प्राप्त हुई है। माना जा रहा है कि इस रैंक के आधार पर उनका आईपीएस बनना लगभग तय हो गया है। अगस्त महीने में रैंक के आधार पर यह तय हो पाएगा। हरिभूमि ने अनुभव अग्रवाल से फोन पर बात की। उन्होंने बताया कि उनके पिता दिव्य दर्शन बीएसपी में सेवारत रहें हैं। वे रिटायर हो चुके हैं। मां सीमा गृहिणी है। उन्होंने आईआईटी बॉम्बे में बीटेक किया। इसके बाद से वे बेंगलुरू में एक कंपनी में काम कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने लगातार यूपीएसई की तैयारी की। उनका प्रयास आईएएस बनने के लिए रहा है। रैंकिंग के आधार पर कौन सी सेवा में जाने का मौका मिलेगा, यह अगस्त महीने में तय होगा। बता दें कि अनुभव एक साधारण से छत्तीसगढ़ी अग्रवाल परिवार से आते हैं। फिलहाल बेंगलुरू में नौकरी कर रहे हैं।

# बकाया किराया नहीं चुकाने पर निगम दुर्ग ने मानस भवन के पास की 16 गुमटियां सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग




मानस भवन के पास लगी अस्थाई गुमटियों पर कार्रवाई की गई है। लंबे समय से बकाया किराया राशि जमा नहीं किए जाने के कारण आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। निगम के बाजार विभाग के ईश्वर वर्मा और शशिकांत यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। निगम अमले ने मानस भवन के पास लगे अस्थाई 16 गुमटियों को सीलबंद करने की कार्रवाई की। निगम प्रशासन ने बताया कि कई बार नोटिस देने के बाद भी संबंधित गुमटीधारियों द्वारा किराया राशि जमा नहीं की गई, जिसके चलते यह सख्त कदम उठाया गया। अधिकारियों ने बताया कि बकाया किराया राशि जमा नहीं की जाएगी, उन दुकानों पर भी इसी प्रकार सीलबंद की कार्रवाई कर निगम आधिपत्य में लिया जाएगा। बता दें कि मानस भवन के पास स्थित अस्थाई गुमटीधारियों द्वारा बकाया किराया राशि जमा नहीं किए जाने के कारण 16 गुमटियों में सीलबंद की कार्रवाई की गई। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि निगम की संपत्तियों का किराया समय पर जमा करना आवश्यक है। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

- शहर के अन्य गुमटियों पर भी निगम करेगा कार्रवाई

### नशे की हालत में मिली युवती को ट्रैफिक पुलिस ने सुरक्षित घर पहुंचाया



**भिलाई।** होली के दिन नशे की हालत में मिली एक युवती को ट्रैफिक पुलिस व मितान ने सुरक्षित घर पहुंचाया। ट्रैफिक पुलिस इस मौके पर हादसों में घायलों को अस्पताल भी पहुंचाना का नेक कार्य किया है। जानकारी के मुताबिक होली के दिन सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने के लिए ट्रैफिक पुलिस अधिकारी व कर्मचारी चौक-चौराहों पर तैनात थे। ड्यूटी के दौरान दो अलग-अलग हादसों में ट्रैफिक पुलिस व मितान टीम ने मानवीय कार्य किया। ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारी व कर्मी को एक युवती सड़क किनारे नशे की हालत में पड़ी मिली। उन्होंने उसे वहां से उठाया और सुरक्षित स्थान पर ले जाकर उसे दवा दी। जब उसका नशा कम हुए तो उसके परिजनों से संपर्क किया और फिर उसे उनके हवाले किया। ट्रैफिक मितान सुपेला निवासी गिवेंद्र मिश्रा द्वारा पावर हाउस से सुपेला मार्ग पर मजार के पास हादसा हुआ था। जहां एक परिवार घायल हो गया था। उनकी भी मदद की गई। दुर्ग पुलिस ने अपील की है कि सड़क हादसों में घायल व्यक्तियों की सहायता के लिए आगे आएं।

# मंदिर में तोड़फोड़, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

#### सुपेला थाना क्षेत्र की है घटना



सुपेला थाना अंतर्गत वार्ड 16 शंकर पारा स्थित मां चंडी मंदिर मंदिर में घुसकर तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज जांच शुरू कर दी है।

- आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर
- वेदी को भी तोड़ा, पुलिस कर रही जांच

पुलिस के मुताबिक मामला बीते गुरुवार-शुक्रवार रात का है। कुछ अज्ञात आरोपियों ने मंदिर में घुसकर भगवान राम, कार्तिक समेत अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा और फोटो को छतिग्रस्त कर दिया। वहां बनी बेदी को भी तोड़ दिया। शुक्रवार सुबह मोहल्ले के अभा उड़िया समाज सदस्य विधुर तांडी अपनी बच्ची को स्कूल छोड़ने निकले तो उन्होंने इसे देखा और फिर आसपास के लोगों को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस की टीम ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस तोड़फोड़ करने वाले युवक की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

घटना के बाद से बस्ती में आक्रोश का माहौल है। बस्ती के लोगों ने मंदिर में तोड़फोड़ करने वाले आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की मांग की है। मामले में कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

### निगम आयुक्त ने जारी किया आदेश

# टैक्स वसूली की राशि कोष में नहीं जमा कराने वाला राजस्व निरीक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

टैक्स वसूली की राशि जमा नहीं कराने वाले सहायक राजस्व निरीक्षक विवेक सालवनकर को आयुक्त सुमित अग्रवाल ने निलंबित कर दिया है।

निलंबन के दौरान सालवनकर स्वास्थ्य विभाग में अटैच रहेंगे। जानकारी के मुताबिक सालवनकर ने 36,586 रुपए की राशि निगम कोष में जमा नहीं कराई गई थी। इसे लेकर उन्हें 21 जनवरी को नोटिस जारी किया गया। इसके बाद निगम कोष से मिलान करने पर पता चला कि करीब 91,383 रुपए उनके द्वारा जमा नहीं कराए गए हैं।

जांच प्रतिवेदन के आधार पर सालवनकर को नोटिस जारी किया गया। नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं दिए जाने पर निलंबन की कार्रवाई की गई।

सहायक ग्रेड तीन संकेत धर्मकार पर भी प्रभार वाले वार्ड से वसूल की गई 32,336 रुपये की राशि निगम कोष में जमा नहीं करने को लेकर 21 जनवरी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। कैश बुक मिलान में कुल 2,53,383 रुपये निगम कोष में जमा नही किया जाना पाया गया। इसके आधार पर उन पर भी कार्रवाई की गई।

### रूंगटा अकादमी में तैयार होंगे आईएएस, दिल्ली की फैकल्टी पढ़ाएंगी

# यूपीएससी कोचिंग का हॉटस्पॉट बनेगा भिलाई, कराई जाएगी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



छत्तीसगढ़ सहित देशभर में भिलाई की पहचान अब टेक्निकल एजुकेशन के साथ-साथ यूपीएससी की तैयारी के बड़े केंद्र के तौर पर भी बनेगी। भिलाई की रुंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी इसी साल से अपने कैंपस में रूंगटा आईएएस अकादमी की शुरुआत करने जा रही है। इसी सत्र से यहां अभ्यर्थियों को यूपीएससी की तैयारी कराई जाएगी। खास बात यह है कि दिल्ली की वजीराम रवि, राऊस अकादमी, फिजिक्स वाला आईएएस, श्रीराम आईएएस और दृष्टि आईएएस की नामचीन फैकल्टी रूंगटा अकादमी में पढ़ाएंगी। कक्षाएं पूरी तरह से ऑफलाइन फिजिकल होंगी, जिसमें सभी फैकल्टी हर समय अभ्यर्थियों के साथ मौजूद रहेंगी। अब तक प्रदेश के ज्यादातर छात्र-छात्राएं यूपीएससी की अच्छी तैयारी के लिए दिल्ली या दूसरे बड़े शहरों का रुख करते रहे हैं। वहां रहना, पढ़ाई करना और कोचिंग लेना कई छात्रों के लिए महंगा और मुश्किल भी होता है। ऐसे में रुंगटा आईएएस अकादमी की यह पहल प्रदेश के छात्रों को घर में रहकर अफसर बनने का मौका देगी। यूपीएससी की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए रूंगटा आईएएस अकादमी में पढ़ाई को आसान और व्यवस्थित बनाने के लिए कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसमें एनसीईआरटी और स्टैंडर्ड रेफरेंस बुक्स पर आधारित स्टडी मटेरियल, सब्जेक्ट-वाइज नोट्स और करंट अफेयर्स कंपाइलेशन दिया जाएगा। इसके साथ ही प्रीलिम्स मॉक टेस्ट, मेन्स टेस्ट सीरीज, सीसैट प्रैक्टिस पेपर और डिटेल सॉल्यूशन के साथ टेस्ट सीरीज भी कराई जाएगी। छात्रों के लिए एचडी वीडियो लेक्चर, सब्जेक्ट-वाइज क्लास, करंट अफेयर्स एनालिसिस, इंटरव्यू प्रिपरेशन, डेली न्यूज एनालिसिस, पीआईबी समरी, मंथली मैगजीन और योजना कवरेज भी उपलब्ध रहेगा। इसके अलावा प्रिवियस ईयर क्वेश्चन, मॉडल आंसर, डेली क्वेश्चन प्रैक्टिस और आंसर राइटिंग के लिए एक्सपर्ट फीडबैक की व्यवस्था भी की जाएगी।

#### तीन साल का यूपीएससी इंटीग्रेटेड प्रोग्राम

इस प्रोग्राम में छात्र-छात्राएं बीए की पढ़ाई के साथ-साथ यूपीएससी की तैयारी भी करेंगे। पूरे कोर्स के दौरान जनरल स्टडीज, निबंध, सीसैट और टेस्ट के जरिए करीब एक हजार घंटे से ज्यादा का एकेडमिक ट्रेनिंग दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ का यह पहला इंटीग्रेटेड प्रोग्राम होगा, जो बीए के छात्रों को तीन साल में प्रीलिम्स और मेंस के लायक बना देगा। दूसरे अंडर ग्रेजुएट डिग्री के विद्यार्थी के लिए भी सविल ट्रेनिंग का माइनर कोर्स उपलब्ध होगा। इन तीन वर्षों में जहां एक तरफ उनकी सामान्य बैचलर की कक्षाएं लगेंगी। वहीं इसके बाद उनको यूपीएससी के लिए तैयार किया जाएगा।

#### दस महीने का स्पेशल यूपीएससी कोर्स

यूपीएससी की तैयारी करने वाले ग्रेजुएशन या फाइनल ईयर के छात्रों के लिए 10 महीने का स्पेशल कोर्स तैयार किया गया है। इस कोर्स में प्रीलिम्स और मेन्स दोनों परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई कराई जाएगी। इसमें पॉलिटिक्स, हिस्ट्री, जियोग्राफी, इकोनॉमी और करंट अफेयर्स जैसे विषयों की गहन क्लास होंगी। साथ ही प्रीलिम्स मॉक टेस्ट, मेन्स टेस्ट सीरीज, प्रैक्टिस पेपर और रेगुलर टेस्ट के जरिए तैयारी को मजबूत किया जाएगा। इसके अलावा आंसर राइटिंग प्रैक्टिस, सब्जेक्ट-वाइज डिस्कशन और एक्सपर्ट फैकल्टी के गाइडेंस से छात्रों को परीक्षा के पैटर्न के अनुसार तैयार किया जाएगा।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 7 मार्च 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

लाइव इवेंट

## गौ माता के इलाज और भोजन के लिए सभी को करना चाहिए दान



**दुर्ग।** शहर के वर्धमान धर्मशाला गवलीपारा में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह के समापन अवसर पर गौ सेवा को लेकर विशेष संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री ने कहा कि गो सेवा ही गोविंद सेवा है और गौ माता की सेवा करने से मनुष्य को विशेष पुण्य प्राप्त होता है। आचार्य शास्त्री ने शहर में गौ माता की सेवा के लिए एक विशेष अभियान की शुरुआत करने की जानकारी दी। आचार्य शास्त्री ने बताया कि भविष्य में दुर्ग शहर में गौ माता के लिए एक अस्पताल बनाने की भी योजना है, जिसके लिए जमीन की तलाश की जा रही है। अस्पताल बनने के बाद गौ माता के इलाज के लिए अलग-अलग वार्ड बनाए जाएंगे ताकि बीमार और घायल गौवंश का बेहतर उपचार हो सके। इस अवसर पर उन्होंने अपनी ओर से एक विशेष मशीन भी दान की, जिसका उपयोग कमजोर और बीमार गौ माता को उठाने और सुरक्षित रखने में किया जाएगा। यह मशीन श्री राधे गो सेवा समिति दुर्ग को प्रदान की गई है, ताकि गौ सेवा के कार्य को और प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाया जा सके। शहर में आगामी दिनों में धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला जारी रहेगी। इसके तहत 20 अप्रैल से 25 अप्रैल तक गणेश मंदिर हडको मिलाई में श्री शिव महापुराण कथा और 14 मई से 22 मई तक दुर्ग के हनुमान मंदिर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा।

लाइव इवेंट

## वैदिक संस्कार और संस्कृति को आगे बढ़ाने अभियान की शुरुआत



**भिलाई।** वैदिक संस्कार एवं संस्कृत, यज्ञ, अनुष्ठान, सत्संग, ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र को लेकर एक जनअभियान शुरू किया गया है। केवल भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी कई तरह आयोजन किए जा रहे हैं। वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक आचार्य कमलेश मिश्रा ने कहा कि वे पिछले 30 वर्षों से वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार में लगे हुए हैं। उनका यह अभियान लगातार जारी है। वैदिक सनातन संस्कृति से धीरे धीरे लाखों लोग जुड़ते जा रहे हैं। भारत के कई शहरों में वैदिक संस्कृति से जुड़े आयोजन दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बैंगलोर, पटियाला, चंडीगढ़, सूरत, हरियाणा, इंदौर, गुड़गांव, लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर में संस्था के अनुयायी बहुतायत में जुड़ चुके हैं। इसी प्रकार विदेशों में दुबई, ओमान, वाशिंगटन, इंग्लैंड, सिंगापुर में वैदिक घनाद के आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न किए जा चुके हैं। संस्था के आयोजनों के लिए किसी प्रकार का दान या धनराशि नहीं ली जाती वहीं संस्था के द्वारा निर्धन कन्या विवाह, उपनयन, मुंडन संस्कार, सभी प्रकार के हवन, सभी प्रकार संस्कार आग्रह पर संपन्न वैदिक घनाद सनातन संस्कार द्वारा कराया जाता है।

**लोगों के वैदक सनातन संस्कृति से जोड़ने शुरू किया गया अभियान:** आचार्य कमलेश मिश्रा बताते हैं कि उनका यह अभियान लोगों को वैदिक सनातन संस्कृति से जोड़ना एवं वैदिक सनातन पद्धति से जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करने के लिए शुरू किया गया है। नशे के खिलाफ अभियान चलाकर मानव जाति को नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करने के साथ रूढ़िवादी परंपराओं के प्रति सचेत करना एवं सनातन संस्कृति के अनुरूप जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। गांव और शहरों में अधिक से अधिक वैदिक अनुष्ठान एवं सनातन संस्कृति से जुड़े आयोजन कर लोगों को वैदिक एवं सनातन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

लाइव इवेंट

## रोजगार से जोड़ने महिलाओं को दिया गया उद्योग लगाने के लिए



**भिलाई।** शांतिनगर में महिलाओं को लेकर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एमएसएमई एवं सीएसआईडीसी के सौजन्य से निटकॉन द्वारा यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। 30 से ज्यादा महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। सभी प्रशिक्षणार्थियों का उद्यम आधार बनाया गया। जिससे वे अपना व्यवसाय प्रारंभ कर सकती हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रोजेक्ट रिपोर्ट का महत्व एवं मार्केट सर्वे एवं व्यवसाय चयन की प्रक्रिया तथा व्यवसाय स्थापना मे शासकीय एवं गैर शासकीय विभागों की भूमिका एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री स्वालंबन योगना तथा खादी ग्रामोद्योग बोर्ड एवं एमएसएमई की सब्सिडी योजना की जानकारी प्रशिक्षार्थियों को दी गई। इस अवसर पर ओपी श्रीवास्तव, एसीसी सीमेन्ट जामुल द्वारा एकाउन्ट, टैक्स एवं जीएसटी के विषय पर चर्चा की गई। मास्टर ट्रेनर विश्वास तिवारी ने प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने का महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 79 प्रतिशत उद्यमी प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाते नहीं हैं। उसे पड़ते भी नही हैं, इसलिए लोन अस्वीकृत हो जाते हैं।

● जरूरत की खबर- प्रशासन अलर्ट मोड पर, गर्मी को देखते हुए मार्च के पहले हफ्ते ही एडवाइजरी जारी करनी पड़ी

# हफ्तेभर के अंदर ट्विनसिटी का पारा 7 डिग्री बढ़कर 36 डिग्री पहुंचा बढ़ा हीटवेव का खतरा, घर से निकलने के पहले सावधानी जरूरी

गर्मी की तपिश बढ़ती जा रही है। मार्च के पहले हफ्ते ही शुक्रवार को ऐसा महसूस होने लगा कि लू चल रही है। गर्म हवा के थपेड़ों ने झुलसाना शुरू कर दिया है। सूरज गुस्से में बैठा आग उगल रहा हो। ऐसी स्थिति देख लोगों ने घर से नहीं निकलना ही मुनासिब समझा। इतना ही नहीं जरुरत के कामों को भी टाल दिया। बता दें कि हफ्तेभर के अंदर ही भिलाई-दुर्ग के तापमान में करीब 7 डिग्री की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। शुक्रवार को दिन का अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से करीब 3 डिग्री ज्यादा रहा। बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्रशासन भी हरकत में आ गया है। शुक्रवार को गर्मी से बचाव और सुरक्षा उपायों को लेकर एडवाइजरी जारी की गई है।



**दुर्ग।** विशेषज्ञों की मानें तो गर्मियों में तेज धूप के सीधे संपर्क में आने से शरीर जल्दी थक जाता है। बॉडी टेम्प्रेचर मेन्टेन रखने के लिए हार्ट को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। साथ ही यूवी किरणों के कारण सनबर्न जैसी समस्या हो सकती है। इससे स्किन झुलस सकती है। ऐसे में घर से निकलने से पहले कुछ सावधानियां बरतना बहुत जरूरी है। गर्मियों में हर थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीते रहना चाहिए। इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि प्यास लगी है या नहीं। गर्मी में शरीर से पसीना ज्यादा निकलता है क्योंकि बाहर के बढ़े तापमान के बीच बॉडी टेम्प्रेचर को मेन्टेन रखने के लिए हार्ट और ब्लड सर्कुलेशन सिस्टम ज्यादा मेहनत कर रहे होते हैं। ऐसे में डिहाइड्रेशन का खतरा रहता है। इसलिए घर से निकलते हुए ठंडे पानी की बोतल साथ रखें। इस भीषण गर्मी में खुद को सुरक्षित रखने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है। थोड़ी-थोड़ी देर बाद पानी पीना। तेज धूप के सीधे संपर्क में आने से लू लगने, सिरदर्द, थकान जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में सिर और शरीर को धूप से बचाने के लिए घर से टोपी या छाता लेकर निकलें। गर्मी की वजह से शरीर डिहाइड्रेशन का शिकार हो सकता है। ऐसे में ओआरएस का घोल बहुत कारगर है। इसमें मौजूद सॉल्ट, ग्लूकोज शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी को पूरा करने में मदद करता है। यूवी किरणें आंखों के रेटीना, लेंस और कार्निया को नुकसान पहुंचाती हैं। इससे आंखों में जलन, आंखों से पानी आना या आंखों में इन्फेक्शन जैसी समस्या हो सकती है। खाली पेट घर से निकलने से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है क्योंकि तेज धूप की वजह से शरीर डिहाइड्रेट होने लगता है। ऐसे में घर से निकलते समय बिस्किट, मौसमी फल या सत्तू वगैरह ले जा सकते हैं। गर्मी के मौसम में थोड़ी-थोड़ी देर बाद कुछ-न-कुछ खाते रहना चाहिए। इससे शरीर में एनर्जी बनी रहती है।

### प्रशासन ने जारी किया लू अलर्ट गाइडलाइन भी जारी की

जलवायु परिवर्तन एवं वैश्विक तापमान में औसत रूप से वृद्धि के कारण अप्रैल से जून माह के दौरान भीषण गर्मी पड़ने एवं हीटवेव (लू) चलने इत्यादि की बढ़ती हुई प्रवृत्ति प्रतिवर्ष देखी जाती है। इस वर्ष भी माह मार्च की तापमान बढ़ने एवं भीषण गर्मी पड़ने की संभावना हो सकती है, जिसके कारण जन स्वास्थ्य प्रभावित होने की संभावना बनी है। लू व तापघात से सभी वर्ग के व्यक्ति प्रभावित होते हैं, जिसे देखते हुऐ प्रतिवर्ष जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू अलर्ट जारी किया जाता है, ताकि आम जनता को लू के लक्षण से अवगत कराया जा सके। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी, आईडीएसपी के नोडल अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे एवं जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट रितीका सोनवानी ने लू तापघात के बचाव एवं जानकारी के रूप में सुझाव दिये हैं।




### गर्मी से संबंधित बीमारी के लक्षण को जानना है आवश्यक

बेहोशी, मांसपेशियों में जकड़न, मिर्गी,, चिड़चिड़ापन, सिर दर्द, अधिक पसीना आना, कमजोरी, चक्कर आना, सांस और दिल की धड़कन तेज होना ये गर्मी की वजह से हो सकती है। इससे बचाव के लिए पर्याप्त तरल पदार्थों को लें, अपने आप को अच्छे से ढकें, धूप में खेलने से बचे और गाड़ी लॉक ना करे जब बच्चे गाड़ी में हों। लू की चपेट में आने वाले को तुरंत अंदर या छांव में लाएं, बच्चों के कपड़ों को जहां तक हो सके ढीला कर दे, नल के पानी से पोंछा करें या छिड़काव करें, अगर बच्चे को उल्टियां हों, तो उसे करवट के बल लिटाएं ताकि गले में कुछ ना फंसे।

### जिला अस्पताल में लू की चपेट में आने वाले मरीजों के लिए बनाया गया अलग से सेंटर



डॉक्टरों ने बताया कि गर्मी के समय लू से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, भले ही आपको प्यास न लगी हो, यात्रा करते समय या जब भी बाहर जायें तो पीने का पानी साथ रखें, ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन का उपयोग करें, और घर के बने पेय जैसे नींबू पानी, छाछ, लस्सी का सेवन करें। अधिक पानी की मात्रा वाले मौसमी फल और सब्जियां खाएं जैसे तरबूज, खरबूजा, संतरा, अंगूर, अनानस, ककड़ी, सलाद या अन्य स्थानीय रूप से उपलब्ध फल और सब्जियां। ढीले, सूती वस्त्र पहनें, अधिमानतः हल्के रंग के कोशिश करें कि हल्के रंग के कपड़े पहनें।

## भक्ति और श्रद्धा के साथ थनौद में तीन दिवसीय संकीर्तन कथा प्रारंभ, पहले दिन निकली शोभा यात्रा



**दुर्ग।** थनौद में शुक्रवार से भक्ति और श्रद्धा के वातावरण के बीच तीन दिवसीय संकीर्तन कथा शुरू हुई। धार्मिक आयोजन ग्राम के शिवालय परिसर शीतला मंदिर के पास स्थित मंगल भवन में आयोजित की जा रही है। पहले दिन ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर कथा का श्रवण किया। व्याख्याकार एवं कथावाचक कामता प्रसाद शरण ने रामकथा, श्याम कथा एवं शिव कथा का भावपूर्ण एवं ओजस्वी संकीर्तन प्रस्तुत किया। श्रद्धालुओं ने अत्यंत श्रद्धा एवं भक्ति भाव से कथा श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। धार्मिक आयोजन 7 एवं 8 मार्च को भी चलेगा। सुबह 10 बजे से कथा प्रारंभ होगी। पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। कथा के दौरान मुख्य रूप से मूर्तिकार राधेश्याम चक्रधारी, लव चक्रधारी, दीप सारस्वत, सरपंच मेनका देशमुख, दिनेश देशमुख, मजीद मोहम्मद, संतराम निषाद, लुकेश चक्रधारी, चिंता चक्रधारी, नितेश चक्रधारी, दिलीप यादव, आदर्श देवागन, गिरधर चक्रधारी उपस्थित थे।



## ब्रज की पारंपरिक शैलों को आधार बनाकर महिलाओं को किया सम्मानित



**दुर्ग।** शहर में सामाजिक सरोकारों के लिए कार्यरत संस्था डोनर थोड़ा सा ने महिलाओं का सम्मान किया। जलाराम वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में शहर की प्रतिष्ठित और प्रतिभावान महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस प्रकार का आयोजन पिछले 12 वर्षों से किया जा रहा है। अध्यक्ष अभिजीत पारख ने बताया इस वर्ष विशेष रूप से ब्रज की पारंपरिक शैली में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर होली के साथ-साथ महिला दिवस के उपलक्ष्य में समाज की प्रेरणादायी 8 महिलाओं का सम्मान किया गया। 8 वंडर्स वीमेन अवार्ड के तहत सम्मानित महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में तनुश्री शर्मा, जी रंजना कुमार, डॉ. किरण बाला पटेल, अनुभूति ठाकुर, अनामिका मेलना, अंजलि सिंह, श्वेता सबानी, प्रियंका उपाध्याय शामिल थी। आयोजित कार्यक्रम में डॉ. मानसी गुलाटी, जूही व्यास, नवदृष्टि फाउंडेशन के अध्यक्ष राज अड़तिया, पायल जैन, इंदरजीत सिंह सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों को होली किट का वितरण किया गया।

सेक्टर-6 स्थित मंदिर परिसर में धार्मिक पूजन के साथ शांतिधारा और मंगल अभिषेक

कार्नर न्यूज

## त्रिवेणी जैन तीर्थ में तीर्थंकरों की आराधना, बच्चों को दिया जैन विधान का संदेश, होली भी मनाई

**भिलाई।** त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ, अजीत नाथ, संभवनाथ, सुमति नाथ सहित अन्य की अष्टधातु की प्रतिमा पर सैकड़ो भक्तों ने भक्ति भाव से धार्मिक पूजन करते हुए शांतिधारा कर मंगल अभिषेक किया। सैकड़ो परिवार ने मंदिर के पूजन वस्त्र धारण कर तीर्थंकरों की आराधना की। पारसनाथ दिगंबर जैन महासभा समिति के सभी सदस्यों ने इंद्र-इंद्राणी के वस्त्र धारण कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की। कार्यक्रम के दौरान सम्मेद शिखर विधान पूजन की सजावट जैन भवन में की गई। बहुत ही आकर्षक शिखर तीर्थ क्षेत्र की वंदना की गई। रंगोली के साथ जल मंदिर का चित्रण किया गया। इसके लिए विधान मंडप तैयार किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य विद्यासागर और विशुद्ध सागर के छायाचित्र के समक्ष मंगलदीप प्रज्वलन कर की गई। इस अवसर पर ज्ञानचंद बाकलीवाल, मुकेश जैन, प्रशांत जैन, जिनेंद्र जैन, वरुण जैन, सुकुमाल जैन, संजीव जैन, प्रदीप जैन, अनिल जैन प्रमुख रूप से मौजूद थे।



### भगवान जिनेंद्र के सामने 108 मंत्रों का उच्चारण कर सुख-समृद्धि की कामना की

शिखर तीर्थ जहां विधान मंडप में जिनेंद्र भगवान भगवान के समक्ष 108 मंत्र उच्चारण के साथ 24 इंद्र ने आराधान की। इंद्र-इंद्राणियों ने श्रीफल अर्पण करते हुए भक्ति भाव के साथ सभी के सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए भगवान महावीर स्वामी की पूजा और आरती की। भक्ति नृत्य के साथ विधान पूजन के दौरान साधना जैन, वरुण जैन, नीना जैन, निशांत जैनसहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर होली त्योहार की भी एक-दूसरे को बधाई दी गई।

### धार्मिक हौजी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए

इस अवसर पर धार्मिक हॉजी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। होली के गाने पर लोग भक्ति करने नजर आए। इस अवसर पर जैन भवन वात्सल्य भोज सभी ने ग्रहण किया। इस अवसर पर सभी बच्चों को जैन धर्म की शिक्षा दी गई। होली का महत्व बताया गया। बुराइयों से बचने के लिए उपदेश देते हुए विधान पूजन में बताया गया कि आप सभी आपस में बगैर किसी राग देश के प्रेम और भाईचारा और संयम के साथ रहते हुए अपने जीवन को आत्मसात करें। इस सम्मेद शिखर की रचना के लिए सभी सहयोगियों ने प्रयास करने की बात कही।

### आचार्य जिनमणि प्रभ सूरीश्वर के 66 वें अवतरण दिवस पर गायों की सेवा



**दुर्ग।** आचार्य भगवंत जिनमणि प्रभ सुरीश्वर के 66 वें अवतरण दिवस हर्ष और उल्लास के वातावरण में सेवा के विभिन्न कार्यक्रमों के साथ आचार्य भगवंत का जन्म महोत्सव मनाया गया। छातागढ़ स्थित गौशाला में गायों को चारा एवं रोटी खिलाकर जीवदया का संदेश दिया गया। पुराना बस स्टैंड में हर्षोल्लास से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर जैन समाज के आचार्य की जन्म जयंती मनाई। संपूर्ण भारत वर्ष में आज के दिन यह आयोजन महोत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद एवं अखिल भारतीय खरतरगच्छ महिला परिषद के तत्वावधान में संपन्न हुआ। मूर्ति पूजक संघ के कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

## सिटी इवेंट

## आर्य समाज मंदिर में मनाई गई होली, हुआ हवन-पूजन



**भिलाई।** आर्य समाज मंदिर में वैदिक रीति से नवसस्येष्टि पर्व होली मनाई गई, जिसमें वैदिक रीतियों से वृहद यज्ञ करके सभी ने उसमें आहुति दी। तिनकों की अग्नि में भूने हुए अधपके शमीधान्य (फली वाले अन्न) को होलक' (होला) कहते हैं। होला स्वल्पवात है और मेद (चर्बी) कफ और श्रम (थकान) के दोषों को शमन करता है। जिस 2 अन्न का होला होता है, उसमें उसी उसी अन्न का गुण होता है। ऐसा प्रतीत होता है कि आदि में तृणानि में भूने आषाढ़ी के प्रत्येक अन्न के लिए 'होलक' शब्द प्रयुक्त होता था, किन्तु पीछे से वह शमीधान्यों के होलों के लिए ही रूढ़ हो गया था। हिन्दी का प्रचलित होला शब्द इसी का अपभ्रंश है। आपाड़ी में नवागत अधपके यवों के होमने के कारण उसको होलकोत्सव कहते थे। उसमें होलक या होले हुतशेषरूप से भक्षण किए जाते थे और उनके सत्त ( सक्त ) का प्रयोग भी इसी पर्व में प्रारम्भ होता था। सत्त ग्रीष्म का विशेष आहार है और उसके पित्ताद विदेषों को शमन करता है। आयोजन में आर्य समाज के सभी सदस्य, आर्य वीर दल के अधिकारियों उपस्थित थे।

## धर्म लाइव

## ब्रजमंडल भिलाई ने होलिका दहन के साथ मनाया रंगोत्सव



**भिलाई।** ब्रजमंडल भिलाई के गीताभवन प्रांगण में होली मनाई गई। बीएसपी के पूर्व अधिशासी निर्देशक अशोक कुमार, अध्यक्ष राकेश कुमार यदुवंशी, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार मित्तल मौजूद थे। इससे पहले होलिका दहन का आयोजन किया गया। पं. सुनील द्विवेदी की मंडली द्वारा ब्रज के होली फाग गीतों की मधुर प्रस्तुति दी गई। संध्या महाआरती के पश्चात पंडित सरजू प्रसाद द्विवेदी ने मुख्य अतिथि से होलिका पूजन करवाया। इस अवसर पर गिरीश गुप्ता, अतवीर सिंह राघव, मुनीश कुमार गोयल, डॉ. आरके मंगल, महासचिव सूरज मंगला, शील कुमार राघव, प्रदीप वर्मा, विरेन्द्र कुमार शर्मा, विरेन्द्र सिंह ठाकुर, राजेश शर्मा, दिलीप वर्मा मौजूद थे।

## धर्म लाइव

## अतलंगहा होली में भिलाई दुर्ग के कलाकारों ने बांधा समां



**भिलाई।** आमतौर पर रील लाइफ में होली की धूम मचाने वाले कलाकारों को जब दर्शकों रियल लाइफ में रंगों रंगों की मस्ती में डूबा देखा तो सभी विभोर हो गए। रंगोत्सव पर छत्तीसगढ़ी फिल्म रंगमंच और लोकमंच के फनकारों ने खूब रंग बिखेरे। भिलाई दुर्ग कलाकार परिवारा द्वारा मैत्रीबाग कैंडल गार्डन परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रिसाली नगर निगम की महापौर शशि सिन्हा और विशेष अतिथि बीएसपी के महाप्रबंधक व मैत्रीबाग प्रभारी डां. एनकेजैन, फिल्म डायरेक्टर सतीश जैन तथा ट्रांसपोर्टर संघ के इंद्रजीत सिंह थे। खुशनुमा माहौल में कलाकारों ने अतलंगहा होली में फूलों और गुलाल से होली खेली और नगाड़ों की थाप पर फागगीतों से समां बांधा। फिल्मी संवादों हास्य दृश्यों, अभिनय अदायगी तथा फाग व होली गीतों से उत्तम साहू, नकुल महलवार, नवलदास मानिकपुरी, अनुराग शर्मा, उपासना वैष्णव आदि कलाकारों ने धमाल मचाकर सभी को लोटपोट कर दिया।अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। पुष्पेंद्र सिंह, रजनीश झांझी, योगेश पांडेय, गोपाल शर्मासुरेंद्र साहू, तिलक तिवारी, परमेश्वर नाग, अशोक गौर व शामिनी विश्वकर्मा आदि कलाकार शामिल हुए। जागेश्वरी मेश्राम ने समारोह का संचालन व नकुल महलवार ने आभार प्रदर्शन किया।

### सर्व समाज कल्याण समिति ने मनाया रंगोत्सव



**भिलाई।** होली पर्व के अवसर पर सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने भूपेश बघेल और उनके पुत्र चैतन्य बघेल को रंग-गुलाल लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान सभी ने एक-दूसरे को त्योहार की बधाई देते हुए आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। समिति के सदस्यों ने कहा कि होली प्रेम, सद्भाव और एकता का पर्व है, जो समाज को जोड़ने का काम करता है। इस अवसर पर सर्व समाज कल्याण समिति के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

● शिक्षामंत्री यादव, पूर्व विस अध्यक्ष प्रेम प्रकाश, विधायक ललित के निवास पर मना रंगोत्सव

# रंग-गुलाल से सराबोर रही ट्विनसिटी, नगाड़ों की थाप ने हर किसी को थिरकाया, ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनी होली

**भिलाई/दुर्ग ।** ट्विनसिटी में होली का त्योहार काफी धूमधाम से सौहार्दपूर्ण वातावरण में भाईचारे के साथ मनाया गया। बड़े-छोटे सभी रंग-गुलाल से सराबोर हो होली के मस्ती में रंगे रहे। लोग गीले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया और गले मिलकर होली की बधाई दी। लोगों ने एक-दूसरे के घरों में भी जाकर होली की खुशियां बांटी। बच्चे भी रंग-गुलाल से सराबोर हो होली की मस्ती में रंगे रहे। सोमवार की रात एक बजे के बाद होलिका दहन किया गया। होलिका दहन के दौरान लोग नगाड़े, ढोल-बाजे के साथ होलिका दहन के लिए पहुंचे। दुर्ग के गांधी चौक से मूर्खों की बारात निकाली गई। इस दौरान लोग होली गीतों पर जमकर थिरके और खुशियों में डूबे रहे। इधर वीआईपी के निवास में भी होली उत्सव मनाया गया। शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव के मानस भवन के सामने ट्रांजिट हॉस्पटल के बाजू में सेवा सदन में रंगोत्सव मनाया गया, जहां बड़ी संख्या में लोग होली का जश्न मनाने पहुंचे। इसी प्रकार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय के सेक्टर-4 स्थित निवास, ग्रामीण विधायक ललित चंद्रकार, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, महापौर अल्का बाघमार, पुलिस कंट्रोल रूम में कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसएसपी विजय अग्रवाल की मौजूदगी में होली का जश्न मनाया गया।




### चेंबर ऑफ कामर्स का होली मिलन समारोह

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स दुर्ग के अध्यक्ष अनूप गटागट के नेतृत्व में होली मिलन के पावन अवसर पर चैंबर के पदाधिकारीगणों ने प्रदेश के केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव से उनके निवास सेवा सदन में सौजन्य भेंट कर अबीर-गुलाल लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। गटागट ने कहा कि होली के इस स्नेहपूर्ण मिलन में सभी ने आपसी सौहार्द, भाईचारे और प्रदेश की समृद्धि की कामना करते हुए एक-दूसरे को रंगों के इस पावन पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर किशोर जैन, कुलदीप सिंह, जवाहर जैन, सतीश समर्थ, नीतू श्रीवास्तव, आराधना पांडे, दीना सोनी, संजू शर्मा एवं श्वेता सिंह उपस्थित रहे।

### सेक्टर-4 निवास में प्रेम प्रकाश पांडेय के निवास में मनी होली, बधाई देने पहुंचे समर्थक

सेक्टर-4 स्थित पूर्व मंत्री और विधानसभा के पूर्व स्पीकर प्रेम प्रकाश पांडेय के निवास में होली मनाई गई। बड़ी संख्या में उनके समर्थन, भाजपा और कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता रंगोत्सव मनाने पहुंचे। प्रेम प्रकाश पांडेय ने सभी शहरवासियों को होली के इस पावन पर्व की बधाई दी।





### विधायक ललित ने क्षेत्र की जनता संग खेली होली

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने निवास कार्यालय में अपने सहयोगी कर्मचारियों और क्षेत्र की जनता के साथ पूरे उत्साह और उमंग के साथ होली का पर्व मनाया। पारंपरिक फाग गीतों और हर्षोल्लास के वातावरण में रंग और उल्लास से सराबोर इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। क्षेत्र की जनता विधायक ललित चंद्राकर को गुलाल लगाकर उन्हें बधाई दी, वहीं विधायक ललित चंद्राकर ने भी आत्मीयता के साथ सभी को गुलाल लगाकर रंगोत्सव की शुभकामनाएं दी। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि रंगों का यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और नई ऊर्जा का संचार करे तथा हमारा छत्तीसगढ़ निरंतर विकास और खुशहाली के नए आयाम स्थापित करता रहें।

### सेवा सदन में मंत्री गजेंद्र ने खेली होली



**दुर्ग।** मानस भवन के सामने सेवा सदन कार्यालय में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दुर्ग शहर विधायक एवं प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के सानिध्य में होली का पर्व पूरे उत्साह, उमंग और आत्मीयता के साथ मनाया गया। समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं दुर्ग सहित क्षेत्र नागरिक शामिल हुए। गजेन्द्र यादव ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का प्रतीक है। दुर्ग की जनता के साथ इस तरह के पारिवारिक माहौल में त्योहार मनाना उनके लिए अत्यंत सुखद अनुभव है। उन्होंने कहा कि दुर्ग की जनता का स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है।

### यूथ हॉस्टल में बच्चों ने खेली फूलों की होली

**भिलाई।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया दुर्ग भिलाई इकाई के सदस्यों द्वारा बच्चों के साथ फूलों की होली खेली गयी । इस अवसर पर बच्चों ने हर्षोल्लास सहित अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर होलिकोत्सव का आनन्द लिया। प्रेसिडेंट ऋषिकान्त तिवारी ने बताया कि रोटरी चैरिटेबल ट्रस्ट भिलाई द्वारा दृष्टिबाधित बच्चों के लिए संचालित सहआवासीय विद्यालय नयनदीप विद्या मन्दिर के बच्चों के लिए यह आयोजन किया गया था। इस अवसर पर यूथ हॉस्टल्स दुर्ग भिलाई इकाई द्वारा बच्चों में विशेष रूप से होली के लिए टी शर्ट का वितरण भी किया गया। बच्चों के लिए पिचकारी, रंग गुलाल और गुब्बारे भी दिये गये। कार्यक्रम में के. सुब्रमण्यम, पीके सिंह, सविता सिंह, पंकज मेहता, मिताली मेहता, जयप्रकाश साव, भारती साव, सुधीर अवधिया, कल्पना अवधिया सहित अन्य मौजूद थे।



## कवियों ने कविताओं से बिखेरे रंग

**भिलाई।** होली के रंगों के साथ भिलाई में साहित्य और कविता की भी खूबसूरत छटा देखने को मिली। साहित्य सृजन परिषद भिलाई की ओर से होली मिलन समारोह और सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन राज राजेश्वरी मंदिर पावर हाउस में किया गया। कार्यक्रम में शहर के कई कवि और साहित्यकार शामिल हुए और अपनी रचनाओं से माहौल को साहित्यिक रंगों से भर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. महेश चंद्र शर्मा ने कहा कि केवल तुकबंदी करना ही कविता नहीं है, बल्कि यह एक रचनात्मक साधना है।



श्रमिक नेता पं. प्रभुनाथ मिश्र ने कहा कि साहित्य समाज को जोड़ने की ताकत रखता है। भारत में होली जैसे त्योहार, तीर्थ और पर्व ही वह सूत्र हैं जो देश को एकता के धागे में बांधते हैं। सुशील यादव, डॉ. नलिनी श्रीवास्तव, डॉ. नीलकंठ देवांगन, शुचि भवि, इस्माइल आजाद, डॉ. वीना सिंह रागी, प्रकाश चन्द्र मंडल, रामायण मिश्र, नीलम जायसवाल, डॉ. संजय दानी, सुमित्रा शिशिर, टी.एन. कुशवाहा अंजन, डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी सब, प्रदीप श्रीवास्तव, एनएल मौर्य प्रीतम, ओमवीर करन, सतीश कुमार त्रिपाठी, राकेश गुप्ता रूसिया, टीआर कोरिया अलकरहा, नीता कम्बोज शीरी सहित कई कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। साहित्य सृजन परिषद के उपाध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से टीआर कोरिया अलकरहा को चुना गया। कार्यक्रम का संचालन नीता कम्बोज और आभार प्रदर्शन ओमवीर करन ने किया। इस दौरान यशोदा देवी नीलम जायसवाल की माता, कवि सुशील भोले और हजलकार राम बरन कोरी कशिश की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## होली उत्सव में जल संरक्षण का संदेश, केबिनेट मंत्री ने फाग गीत गाकर जमाया रंग

**दुर्ग।** होली पर्व पर इंदिरा मार्केट स्थित प्रेस कॉम्पलेक्स में जमकर खुशियां बिखरी। परम्परानुसार यहां दुर्ग प्रेस क्लब द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष राकेश पांडेय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, नगर निगम सभापति श्याम शर्मा, दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, निगम नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, प्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स उपाध्यक्ष अशोक राठी, जिलाध्यक्ष अनूप गटागट, समाजसेवी डॉ. मानसी गुलाटी, महेन्दी भाई समनानी, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन, जिला भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री नीतू श्रीवास्तव बतौर अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने फाग गीत गाकर होली के उत्साह को दुगुना कर दिया। फाग गीत व अन्य होली के गीतों पर मौजूद लोगों ने नाच गाकर अपनी खुशियों का इजहार किया। अध्यक्ष अरुण मिश्रा ने प्रेस क्लब की गतिविधियों व रचनात्मक कार्यों से अतिथियों को अवगत कराया। इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठजनों में राजेंद्र सिंह ठाकुर, संतोश मिश्रा, पवन देवांगन, धनेंद्र सिंह चंदेल, देवीलाल साहू, देवीलाल साहू, अतुल अग्रवाल, आशीष ठाकुर, रोमशंकर यादव, घनश्याम भारद्वाज, वीणा दुबे, दीपक खड़तकर, पुरेन्द्र देशमुख, पुनीत कौशिक, महेन्द्र साहू, हेमंत कपूर, ज्वाला प्रसाद अग्रवाल, गोविंद यदु, रंजन पांडेय सहित अन्य मौजूद थे।





### काव्य संग्रह शब्द संग्राम का विमोचन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की कला और पर्यावरण के प्रति समर्पित संस्था आर्टकॉम के संचालक निशु पाण्डेय की 77 स्वरचित कविताओं का काव्य संग्रह शब्द संग्राम का विमोचन हुआ। निशु पाण्डेय ने बताया कि यह उनका पहला काव्य संग्रह है। काव्य संग्रह शब्द संग्राम में एक राष्ट्रवादी के दृष्टिकोण से देश में आजादी के पहले से अब तक की 77 बड़ी घटित घटनाओं को बारीकी से समझने का अवसर प्राप्त होगा। इस संग्रह में देश में मुगल आक्रांताओं, अंग्रेजों, आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीरों, विभाजन कारी ताकतों, देश की कानून व्यवस्था, आज की महिलाओं व पुरुषों के सकारात्मक और नकारात्मक व्यवहार पर तंज कसना आदि काव्य संग्रह एक सकारात्मक बदलाव का कारण आवश्य बनेगी। विमोचन के अवसर पर नंदा पाण्डेय, प्रीति पाण्डेय, आर्टकॉम संस्था के करमजीत सिंह आदि मौजूद थे।

हेल्थ अलर्ट : केमिकलयुक्त कलर से चेहरे और आंखों में परेशानी तो डॉक्टरों को तुरंत दिखाएं

# रंग-गुलाल की वजह से आंखों में जलन, लालिमा और धुंधलापन तो डॉक्टरों की सलाह पर लुब्रिकेटिंग आई ड्रॉप का करें इस्तेमाल

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** होली के बाद आंखों में जलन, लालिमा या धुंधलापन सामान्य नहीं है। रासायनिक रंग आंखों की नाजुक परत (कॉर्निया) को नुकसान पहुंचा सकते हैं। थोड़ी सी सावधानी आपकी आंखों की रोशनी सुरक्षित रख सकती है। होली के दिन रंग-गुलाल और कैमिकलयुक्त कलर चेहरे और आंखों का नुकसान पहुंचा सकता है। यदि ऐसी कोई समस्या इन दिनों सामने आ रही है तो डॉक्टरों को दिखाएं। डॉक्टरों की सलाह पर लुब्रिकेटिंग ऑई ड्रॉप का इस्तेमाल करें। विशेषज्ञ चिकित्सक ऋचा वर्मा बताती हैं कि ऐसी स्थिति में साफ व ठंडे पानी से आंखों को धीरेधीरे धोएं। हल्की जलन होने पर ठंडी पट्टी का उपयोग करें। डॉक्टर की सलाह से लुब्रिकेटिंग आई ड्रॉप का प्रयोग करें। बच्चों की आंखों का विशेष ध्यान रखें। लगातार समस्या होने पर तुरंत नेत्र जांच कराएं। आंखों में जलन की स्थिति में जोर से न रगड़ें। बिना सलाह के स्टेरॉयड या कोई भी आई ड्रॉप न डालें। गुलाबजल, शहद या घरेलू नुस्खे आंखों में न डालें। 2–3 दिन तक कॉन्टैक्ट लेंस पहनने से बचें। तेज दर्द, धुंधला दिखाई देने, रोशनी से चुभन, लगातार पानी या मवाद आने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करें। आंखों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें।





### आंखों में यदि रंग या गुलाल चला गया तो हल्के में न लें



डॉ. वर्मा बताती हैं कि यदि आंखों में रंग या गुलाल चला गया है, तो इसे हल्के में बिल्कुल न लें। यह समस्या बड़ी हो सकती है। होली खेलते समय आंखों में रंग जाना लोगों के लिए खतरनाक हो सकता है। यह आंखों की रोशनी को खत्म भी कर सकता है। इसकी वजह से किसी भी प्रकार की एलर्जी हो सकती है। इससे आंख की पुतलियों पर गहरा असर पड़ सकता है। समय पर इलाज न किया जाए तो आंखों की रोशनी भी जा सकती है। उन्होंने बताया कि होली पर बच्चे पानी के गुब्बारे फेंकते हैं। यह भी खतरनाक है। पानी के गुब्बारे आंखों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं, इनसे नेत्रगोलक फट सकता है या रेटिना भी अलग हो सकता है। उन्होंने बताया कि जब भी आंखों में रंग जाने की संभावना हो, आंखों को ढक लें, ऐसे में सनग्लासेस का इस्तेमाल उपयोगी हो सकता है।

### लापरवाही बरतने से बढ़ सकती है आंखों में एलर्जी की शिकायत

डॉ. वर्मा बताती हैं कि यदि आंखों में रंग या गुलाल चला गया है, ऐसी स्थिति में यदि लापरवाही बरती जाती है, तो एलर्जी की शिकायत बढ़ सकती है। आंखों में केमिकल युक्त रंग जाने से केमिकल एलर्जी की शिकायत होती है। इससे आंख की पुतलियों पर गहरा असर पड़ सकता है। लेंस का इस्तेमाल बिल्कुल न करें। यद ज्यादा खतरनाक हो सकता है। वर्तमान में ऐसे कलर और गुलाल उपलब्ध हैं, जो आंखों के लिए ज्यादा हानिकारक होते हैं। इसलिए होली के बाद यदि किसी भी प्रकार की परेशानी सामने आ रही है, तो सावधानी बरतना आवश्यक है।

### आंखों में यदि रंग-गुलाल चला गया, तो पहले पानी से छींटे मारें

होली खेलते समय अगर आंखों में रंग चला जाता है तो सबसे पहले सामान्य पानी से आंखों पर छींटे दें। आंखों को सूती कपड़े से साफ किया जाना चाहिए और आंखों को मलना नहीं चाहिए। फिर भी आराम नहीं होने पर डॉक्टर को दिखाना जरूरी है। डॉ. वर्मा ने कहा कि जो लोग लेंस लगाते हैं होली खेलते समय आंखों पर लेंस नहीं लगाएं। वहीं होली खेलते वक्त अगर कान में सूखे कलर चले जाते हैं तो तुरंत सिर को नीचे की ओर झटक ते हुए कार से रंग निकाले। कान में रंग जाने से इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए ज्यादा अलर्ट रहें, आपके आसपास किसी को भी इस प्रकार की परेशानी हैं, तो उन्हें तुरंत चिकित्सकीय परामर्श के लिए भेंजे।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस में 6 जिला प्रवक्ता और 3 कार्यालय प्रभारियों की नियुक्ति

**दुर्ग।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति से जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अंतर्गत संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने 6 जिला प्रवक्ताओं एवं 3 कार्यालय प्रभारियों की नियुक्ति की है। टनेन्द्र ठाकरे, द्वारिका साहू, निमेश टिकरिहा, रजत नायक, त्रिभुवन यदु एवं रामशंकर शुक्ला को जिला प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया गया है। कार्यालय संचालन को व्यवस्थित एवं सुदृढ़ बनाने के लिए मोहित वालंदे, अभिषेक जांगड़े एवं जय साहू को कार्यालय प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### दुर्ग शहर में उत्तर ब्लॉक की कार्यकारिणी घोषित

**दुर्ग।** शहर जिला संगठन में ब्लॉक अध्यक्ष देवश्री साहू ने कार्यकारिणी घोषित कर दी है।कोषाध्यक्ष आशीष भट्टाचार्य, उपाध्यक्ष काशी रात्रे, बृजकिशोर शर्मा, खुशी निर्मलकर, अजीत खुटेल, अजय जैन, यशवंत साहू, महामंत्री विनोद निषाद, अनीश मथाई, अश्वनी साहू, चंद्रशेखर वर्मा, नवीन श्रीवास्तव, निकिता सिंह, अशोक साहू, संजय जिंदल, सचिव मुकेश तिवारी, लता साहू, चंदन देवांगन, अमिताभ नायक, विनय चंद्राकर, नंदू नेताम, अनीता राजपूत सहित अन्य शामिल हैं।

## ट्रस्ट के अध्यक्ष को भेजा ज्ञापन, अवैधानिक है संचित राशि का हस्तांतरण

# सीटू ने एसईएसबीएफ ट्रस्ट को भंग किए जाने के निर्णय के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

कोलकाता में एसईएसबीएफ की हुई बैठक में एसईएसबीएफ ट्रस्ट द्वारा बहुमत से ट्रस्ट को भंग किए जाने और संचित राशि को एनपीएस में स्थानांतरित किए जाने के विरोध में सीटू भिलाई ने बोरिया गेट पर प्रदर्शन किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष के नाम पर भिलाई इस्पात संयंत्र के औद्योगिक संबंध विभाग को ज्ञापन देकर संचित राशि वापस दिलाने की मांग की गई। ऐसा नहीं किए जाने पर विरोध तेज करने की चेतावनी दी गई।

सीटू नेताओं ने कह कि कोलकाता में 2 फरवरी को एस ई एस बी एफ की हुई बैठक मे बहुमत से ट्रस्ट को भंग कर लगभग 2400 करोड़ रुपए की संचित निधि को एनपीएस यानी बाजार जोखिम में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। एसईएसबीएफ ट्रस्ट 15.9.1994 को सेल के कर्मचारियों के हितार्थ कंपनी तथा केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, सेफी तथा सभी इकाइयों के मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों द्वारा विधिवत नामित न्यासियों के बीच संपादित ट्रस्ट डीड के माध्यम से गठित किया गया। यह कोष सदस्यों के मासिक वेतन से 2% अंशदान द्वारा तथा कुछ अवसरों पर कंपनी द्वारा पीएलबीएस के नाम पर योगदान से बनाया गया था। इस कोष का संचालन ट्रस्ट डीड एवं विधिवत निर्मित और लागू ट्रस्ट नियमों के प्रावधानों के अनुसार न्यासी मंडल द्वारा किया जाता रहा है।यूनियन नेताओं ने कहा कि ट्रस्ट डीड की धारा 18 (ट्रस्ट की समाप्ति) के उपधारा (बी) में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि यदि सभी न्यासी सर्वसम्मति से निर्णय लें, तभी ट्रस्ट को भंग किया जा सकता है। न्यासियों की 86 वीं बैठक की प्रकाशित कार्यवाही में बहुमत से ट्रस्ट को समाप्त करने तथा लगभग 2400 करोड़ रुपये के संचित कोष एवं चल-अचल संपत्तियों को एनपीएस में हस्तांतरित करने का निर्णय किया गया है।

### बोरिया गेट के सामने यूनियन ने दिखाई एकजुटता, की नारेबाजी



#### अपरिवर्तनीय है ट्रस्ट, एक बोर्ड बैठक में नहीं हो सकता भंग

सीटू महासचिव जोगारा ने कहा कि यह ट्रस्ट के मूल उद्देश्य के विपरीत और अधिकार क्षेत्र से बाहर है।ट्रस्ट डीड के अनुसार यह एक अपरिवर्तनीय ट्रस्ट है। इसे केवल एक बोर्ड बैठक के माध्यम से भंग नहीं किया जा सकता। बैठक की कार्यवाही धारा 18 (ट्रस्ट की समाप्ति) का स्पष्ट उल्लंघन है। ट्रस्ट की समाप्ति पर न्यासियों द्वारा धारित संपत्तियों को प्रत्येक सदस्य के योगदान एवं उस पर अर्जित ब्याज के अनुसार व्यक्तिगत सदस्यों को हस्तांतरित किया जाएगा। अन्य सभी धनराशि एवं निवेशों को न्यासियों द्वारा साकार कर अथवा अन्य प्रकार से निधि के लाभार्थियों के हित में उपयोग किया जाएगा।

#### हजारों कर्मचारियों को होगा नुकसान

ट्रस्ट के विघटन का निर्णय सर्वसम्मति से होना चाहिए था जबकि सीटू से उपस्थित न्यासी ने प्रस्ताव से असहमति व्यक्त की थी तथा केंद्रीय ट्रेड यूनियन सीटू के दो प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित नहीं हो सके थे। इनमें से एक प्रबंध न्यासी सदस्य भी थे। अतः उनकी सहमति भी प्राप्त नहीं हुई। कर्मचारियों की सहमति के बिना संचित राशि के हस्तांतरण का निर्णय ट्रस्ट के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है । सीटू ने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों के हितों के विरुद्ध और वित्तीय रूप से हानिकारक है।कर्मचारियों के अधिकार एवं हितों की रक्षा के लिए इस विषय पर कर्मचारियों को उनके संचित राशि वापस करने अथवा एनपीएस में स्थानांतरित किए जाने का विकल्प दिए जाने के लिए समुचित विचार एवं कार्यवाही करें।

## संस्कृति, स्वावलंबन और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है स्वदेशी मेला



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

जयंती स्टेडियम के सामने मैदान में आयोजित होने वाले स्वदेशी मेले के कार्यक्रम स्थल पर भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय थे।

■ जयंती स्टेडियम के सामने मैदान में 13 मार्च से आयोजित है स्वदेशी

भूमि पूजन कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि स्वदेशी मेला केवल व्यापार का मंच नहीं, बल्कि देश की संस्कृति, स्वावलंबन और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे आयोजन से स्थानीय उद्यमियों और व्यापारियों को नई ऊर्जा और अवसर मिलते हैं। कार्यक्रम संयोजक अजय भसीन ने बताया कि स्वदेशी मेले के माध्यम से देशी उत्पादों को प्रोत्साहन देने तथा लोगों को स्वदेशी के प्रति जागरूक करने का उद्देश्य है। मेले में विभिन्न प्रकार के स्वदेशी उत्पाद, हस्तशिल्प, खाद्य सामग्री एवं पारंपरिक वस्तुओं के स्टॉल लगाए जाएंगे। ज्ञात हो कि स्वदेशी मेला 13 से 19 मार्च को जयंती स्टेडियम के पास सिविक सेंटर में आयोजित है। मेले में 22 राज्यों के स्वदेशी उत्पाद, हस्तशिल्प सामग्री, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, जैविक उत्पाद, पारंपरिक खान-पान और स्थानीय उद्यमियों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र होंगे। आयोजकों ने लोगों से स्वदेशी मेले में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। भूमिपूजन के दौरान मेला स्वागत समिति के अध्यक्ष दिनकर बासोतिया, सहसंयोजक भोजराज सिन्हा, सरोजनी पाणिग्रही, दिव्या भसीन मक्कड़, अजय तिवारी, सुब्रत चाकी, दिनेश पाटिल, आर जगत सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।

## टाउनशिप में अनधिकृत निर्माण पर बीएसपी सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने भिलाई टाउनशिप क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण और नियमों के उल्लंघन के मामलों के मामलों पर कि टाउनशिप क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण या अतिरिक्त विस्तार नियमितीकरण योग्य नहीं है। प्रबंधन ने आबंटियों को चेतावनी दी है कि नियमों की अनदेखी कर किए गए निर्माण पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। टाउनशिप में लीज/लाइसेंस/आबंटन के आधार पर प्रदत्त दुकान, आवास अथवा अन्य परिसरों के सभी आबंटियों को सूचित किया गया है कि टाउनशिप क्षेत्र एवं इसकी संपत्तियाँ “लोक परिसर अधिनियम के तहत अधिसूचित लोक परिसर की श्रेणी में आता हैं। इन परिसरों का आबंटन, प्रबंधन एवं संचालन बी.एस.पी. द्वारा निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुसार किया जाता है। इन शर्तों के तहत आबंटियों को किसी भी प्रकार का अतिरिक्त अथवा अनाधिकृत निर्माण करने की अनुमति नहीं है। प्रबंधन की पूर्व स्वीकृति के बिना किया गया कोई भी निर्माण नियमाविरुद्ध एवं अवैध माना जाएगा।

■ नियमितीकरण संभव नहीं, आवंटियों को नियमों के पालन की चेतावनी

आवंटी किसी भी प्रकार का अनाधिकृत निर्माण न करें तथा आबंटन की सभी शर्तों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। अनधिकृत भवन अथवा नियमाविरुद्ध निर्माण का किसी भी परिस्थिति में नियमितीकरण संभव नहीं है। यदि कोई आबंटी नियमितीकरण संबंधी कोई प्रक्रिया प्रारंभ करता है, तो वह पूर्णतः उसके स्वयं के जोखिम एवं व्यय पर होगी। निगम अथवा अन्य किसी प्राधिकरण के साथ की गई ऐसी कोई भी नियमितीकरण कार्यवाही बीएसपी पर बाध्यकारी नहीं होगी।

उल्लेखनीय हैं कि समाचार पत्रों में प्रकाशित सूचना एवं नगर निगम, भिलाई द्वारा दिनांक 25.02.2026 को जारी तथा 26.02.2026 के समाचार पत्रों में प्रकाशित नोटिस के माध्यम से यह ज्ञात हुआ है कि बी.एस.पी. द्वारा लीज पर प्रदत्त आवासीय, व्यावसायिक एवं अन्य परिसरों में लीजधारकों/आबंटियों द्वारा किए गए अनाधिकृत विस्तार एवं निर्माण के मामलों को नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अंतर्गत नगर निगम, भिलाई द्वारा नियमितीकरण किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। नगर निगम द्वारा जारी किसी भी प्रकार की नियमितीकरण संबंधी प्रक्रिया या नोटिस बीएसपी पर बाध्यकारी नहीं है ।

## कैंटीन व्यवस्था में हो सुधार, लगे डस्ट मशीन

**भिलाई।** बीएसपी के ओएचपी विभाग में स्टील इम्प्लाइज यूनियन इंटक की नई कार्यकारिणी की मुख्य महाप्रबंधक सजीव वर्गिस के साथ बैठक हुई। बैठक में कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के जल्द निदान की मांग की गई। सीजीएम ने आश्वस्त किया है। यूनियन के महासचिव संजय कुमार साहू ने ओ एच पी विभाग के पदाधिकारियों की सूची सौंपते हुए सौंपते हुए कहा कि कार्यकारिणी कर्मचारियों के हितों के लिए कार्य करेगी। बैठक मे केंटीन व्यवस्था में त्वरित सुधार,ओएचपी- बी में नई केंटीन प्रारंभ करने,कर्मचारियों को नॉन-फाइनेंशियल अवार्ड प्रदान करना सभी ऑपरेटर



रूम में एक एसी,धूल साफ करने आधुनिक मशीन लगाने,विभागीय सड़कों का संधारण करना। ओ एच पी -बी में सीआईएसएफ की पोस्टिंग कर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने शौचालयों की नियमित सफाई करना व पुराने स्ट्रक्चर एवं गैलरी को मजबूती करने व ठेका श्रमिकों को निर्धारित पूर्ण वेतन दिलवाने एवं कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण कराने की मांग की गई। सीजीएम ने समस्याओं के निदान के लिए सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। प्रबंधन की ओर से जीएम एनजी हालदार, एके मंडल, अजीत कुजूर, आनद त्रिपाठी, जोत कुमार एवं लेबर ऑफिसर राकेश साहू और यूनियन की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा, महासचिव संजय साहू सहित शिव शंकर सिंह, सच्चिदानंद पांडे, सुरेश कुमार, जोन प्रभारी ताम्रध्वज सिन्हा,संजय गलपांडे, कार्यालय सचिव श्री जय किशोर ब्रह्ममे, मधु देशमुख व दुर्गेश गोंड आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों ने दी दसवीं गणित की परीक्षा, कोई नकलची नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल दसवीं के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को गणित विषय की परीक्षा दी। जिले के 135 परीक्षा केंद्रों में चल रही परीक्षा का निरीक्षण करने जिला व ब्लॉक स्तर पर गठित टीम पहुंची। उड़न दस्ता दलों द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। हालांकि कोई नकल प्रकरण नहीं मिला है।



हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2026 परीक्षा केन्द्र नेशनल स्कूल दुर्ग का आकस्मिक निरीक्षण

उड़न दस्ता दल प्रभारी अरविंद मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी ने केंद्र क्रमांक 141002 आदर्श कन्या, दुर्ग 141001 जे.आर. डी. दुर्ग, 142002दारू र रू. प्र. वि. दुर्ग, 142057 स.शि.म. कसारीडीह, 141076 सेजस बोरसी, 141053 शा.उ.मा.वि. धनोरा, 141014 पुरई, 141020 सेजस उतई. 141015 मरोदा, 141004 दीपक नगर, 142018 मालवीय नगर का निरीक्षण किया। सीमा नायक सहायक संचालक की टीम ने केंद्र क्रमांक 141066 बेलोदी, 141201 सेजस नगपुरा, 141094 सेजस हिरी, 141097 लिटिया, 141102 पौधा, 141159 चोला, 141104 घोटवानी में दबिश दी। विनोद कुमार शुक्ला ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दुर्ग की टीम ने 141054 सेजस तिरंगा, 141026 सेजस निकुम, 141031 थनौद का निरीक्षण किया। डी.के. देवांगन पाटन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की टीम ने 141124 सेजस सेलूद, 141123 कन्या सेलूद्र, 141203 सेजस पाटन 141132 सेजस कन्या पाटन का निरीक्षण किया। अथर्व शर्मा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धमधा की टीम ने केंद्र क्रमांक 141090 मेडेसरा और 141100 बरहापुर का निरीक्षण किया।

### मातृ शक्ति नमन कार्यक्रम कल

**दुर्ग।** भगवा पार्टी आगामी 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मातृ शक्ति नमन कार्यक्रम आयोजित कर रही है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं दुर्ग संभाग प्रभारी हीरेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न क्षेत्रों, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, पत्रकार, शिक्षा, व्यापार समाज सेवा में अपनी सेवाएं दे रही मातृ शक्ति का सम्मान किया जाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी एवं सनातन धर्म के प्रणेता विष्णु पाठक एवं अध्यक्षता भगवा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष देवेश मिश्रा, विशिष्ट अतिथि रमेश शर्मा होंगे। पार्टी संगठन ने इस आयोजन को मातृ शक्ति नमन कार्यक्रम के रूप में प्रस्तुत किया है। सतरूपा शीतला मंदिर के पास स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग परिसर सिविल लाइन, जेल रोड में आयोजित है। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से प्रारम्भ होगा। यह उन मातृ शक्तियों का सम्मान है जो विभिन्न क्षेत्रों में अपने कार्य करते हुए सनातन धर्म को आगे बढ़ा रहे हैं।







